ओ३म्

... आरोह तमसो ज्योति...

अन्धकार से ऊपर चढ़, प्रकाश में आ

Aroha tamaso jyoti

May we rise above darkness and move towards light

दीपावली

आर्योदय विशेषांक

एवं

यूथ मैगज़ीन

deepavali

Aryodaye No. 378 *cum* Youth Magazine Vol. 14

October 2017

ARYA SABHA MAURITIUS & ARYA YUVAK SANGH

CONTENTS

विषय-सूची

पृष्ठ Page

A word of thanks - Dr O.N. Gangoo 1
Message from Hon. Pravin Kumar Jugnauth Prime Minister of Mauritius 2
Message from H.E. Shri Abhay Thakoor, High Commissioner of India 3
ज्योति से ज्योतित हो ! - *श्री ब. तानाकूर* 5
पग बढ़े प्रकाश की ओर - *डॉ० उ. न. गंगू* 6
दीपावली एवं दयानन्द-निर्वाण - *श्री एस. प्रीतम* 7
ऋषि-निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य पर - *श्री ह. रामधनी* – *मनुष्य जीवन सफल कैसे बने* – *श्री मनमोहन आर्य* 7-8
ऋषि-निर्वाण एवं दीपावली – *श्रीमती ध. रामचरण* 9-10
महर्षि दयानन्द और देव यज्ञ - हवन का महत्व - *श्रीमती म. गजाधर* 10-11
दीया - *श्री एस. मोहाबीर* 12
प्रह्लाद रामशरण को मिला २० वाँ हिन्दू रत्न सम्मान - *डॉ० उ. न. गंगू* 13-14
जिज्ञासा - *श्रीमती लीलामणी करीमन* 15
प्रकाश का प्रतीक दीपावली - *पंडिता अन्जनी महिपत* 16-17
महर्षि दयानन्द के वेद-भाष्य - *पंडित ध. रिकाई* 17
शिक्षा-प्रचारक महर्षि दयानन्द - *पंडिता विद्वन्ती जहाल* 18-19
महर्षि दयानन्द की वैदिक विचारधारा - *पं० वि. उमा* 19-20
चलें हम दुखि से भद्रता की ओर - *पंडिता सत्यम चमन* 21
ओम् स्योना पृथिवी - *पंडिता प्रे. लीलकन्त* 22-23
युग पुरुष महर्षि दयानन्द सरस्वती जी महाराज और दीपावली - *श्रीमती प्री. जीबन* 23-24
वैदिक-यज्ञ - *डॉ० वि. सितिजोरी* 24-25
दीपावली महोत्सव - *डॉ० ऋ. मोकूनलाल* - Deepavali Mahotsava 26-27
सामाजिक गतिविधियाँ - *श्री एस. प्रीतम* 27-28
रिपाई आर्यसमाज की गतिविधियों में एक नवीनता - *श्रीमती ली. करीमन* 28
पूर्वीय प्रान्त में दर्शनाचार्य आशीष जी की प्रचार-यात्रा - *पंडिता प्रे. लीलकन्त* 29
Divali - Light is might - *Dr Indradeo Bholah Indranath* 29
Praise, Prayer, Worship of God - *Dr Acharya D. Vedalankar* 30
Deepavali 2017 - A burning lamp is seen by its own light - *Yogi B. Mokoonlall* 30-31
अंतर्राष्ट्रीय आर्य महिला सम्मेलन 32
Les Deux ailes de l'âme - *Shri Narainduth Ghoorah* 33-34

Youth Magazine

Deepavali and Rishi Nirvan – *Mr Dharamveer Gangoo* 35
Divali and Arya Samaj - *Prof. S. Jugessur* 35-36
Divali – The Significance of Light – *Mr S. Nowlotha* 36
DAV College South Rose Belle - *Dr O.N. Gangoo* 36-37
Rubber Tire Competition - *DAV College Port Louis* 37
My Visit to Mauritius - *Shri Ramesh Gupta* 38
Deepavali & The inner Light - *Shri Sookraj Bissessur* 38-39
Farewell Address by Acharya Ji Darshanacharya - *Yogi B. Mokoonlall* 39-40

आर्योदय

1,Maharshi Dayanand St., Port Louis,
Tel : 212-2730, 208-7504,
Fax : 210-3778,
Email : aryamu@intnet.mu
www.aryasabhamauritius.mu

प्रधान सम्पादक - Chief Editor :

डॉ० उदय नारायण गंगू, *पी.एच.डी., ओ.एस.के., जी.ओ.एस.के., आर्य रत्न*
Dr Oudaye Narain Gangoo, *Ph.D, O.S.K, G.O.S.K, Arya Ratna*

सह सम्पादक - Editor :

श्री सत्यदेव प्रीतम, *बी.ए., ओ.एस.के, सी.एस.के., आर्य रत्न*
Shri Satyadeo Peerthum, *B.A, O.S.K, C.S.K., Arya Ratna*

सम्पादक मण्डल - Editorial Team :

(१) डॉ० जयचन्द लालबिहारी, *पी.एच.डी, आर्य भूषण*
Dr Jaychand Lallbeeharry, *Ph.D, Arya Bhooshan*

(२) श्री बालचन्द तानाकूर, *पी.एम.एस.एम, आर्य रत्न*
Shri Balchand Tanakoor, *P.M.S.M, Arya Ratna*

(३) श्री नरेन्द्र घूरा,*पी.एम.एस.एम, आर्य भूषण*
Shri Naraindra Ghoorah, *P.M.S.M, Arya Bhooshan*

(४) प्रोफ़ेसर सुदर्शन जगेसर, *डी.एस.सी, जी.ओ.एस.के., आर्य भूषण*
Prof. Soodursun Jugessur, *D.Sc, G.O.S.K, Arya Bhooshan*

(५) योगी ब्रह्मदेव मुकुन्दलाल, *दर्शनाचार्य*
Yogi Bramdeo Mokoonlall, Darshanacharya

(६) श्रीमती लीलामणि करीमन, *एम.ए., वाचस्पति*
Mrs Lilamunnee Kureeman, *M.A., Vachaspati*

नोट - *यह आवश्यक नहीं कि इस अंक में संगृहीत लेखों का दायित्व सम्पादक पर हो। लेखक स्वयं उत्तरदायी है।*
Responsibility for the information and views expressed, set out in the articles, lies entirely with the authors.

मुख्य सम्पादक

प्रकाशक - आर्य सभा मॉरीशस

वार्षिक शुल्क - रू० २००/-

Printer : BAHADOOR PRINTING LTD.
Ave. St. Vincent de Paul, Les Pailles,
Tel : 208-1317, Fax : 212-9038

A WORD OF THANKS

At the request of the Arya Sabha, our Prime Minister, Hon. Pravin Kumar Jugnauth and His Excellency, The High Commissioner of India, Shri Abhay Thakoor have graced this special issue of the Aryodaye by sending us Deepavali Messages. Our respected writers have been kind enough to spare some of their precious time to write articles meant for this special issue.

We would like to express our grateful thanks to them all.

We sincerely hope that in the future, too, we will get similar contribution.

Kindly accept our sincere gratitude.

We wish you all a very happy Deepavali. May God lead us to light and shower His blessings on our country and on us.

O.N. Gangoo (Dr)
Editor-in-chief

दीपावली अभिनन्दन

असतो मा सद्गमय
तमसो मा ज्योतिर्गमय
मृत्योर्माऽमृतंगमय।

दीपावली के शुभावसर पर

आर्य सभा मोरिशस

आप परिजनों की
अखण्ड सुख-समृद्धि
की मंगल कामना करती है ।

Deepavali Abhinandan

Asato mā sad Gamaya
Tamaso mā Jyotir Gamaya
Mrityor mā Amritam Gamaya

Oh God ! Lead us

from untruth to truth
from darkness to light
from mortality to immortality

The President and Members of
Arya Sabha Mauritius
wish you a Happy & Prosperous
Deepavali

19 October 2017

Prime Minister
Republic of Mauritius

MESSAGE

It gives me great pleasure to associate myself with the publication of this Souvenir Magazine in the context of celebrations marking the Divali Festival and Rishi Nirvan Divas by the Arya Sabha Mauritius this year.

Divali is one of the most important festivals of the Hindu faith, celebrated among the Indian diaspora throughout the world. Festivals such as Divali remind us of our duty to promote values, truth, integrity, brotherhood and peace. The more we help others, the better a person we become. This philosophy is universal. Religions may be different, but teachings are same. The beauty and strength of a nation lies in unity within diversity and Mauritius is a vivid symbol for this.

This festival symbolises the victory of good over evil and immortalises the teachings of Swami Dayanand Saraswati, founder of the Arya Samaj. On the occasion of Divali, a special thought goes to the founder of Arya Samaj, who attained Nirvana on this auspicious Day. Swami Dayanand's mission was not to start or set up any new religion, but to ask humankind for universal brotherhood through nobility as spelt out in Vedas.

For that mission, he founded the Arya Samaj and enunciated the Ten Universal Principles as a code for Universalism with the intention of making the whole world an abode for Nobles - Aryas. He took the difficult step of reforming Hinduism and infused the sense of patriotism among his followers. To the Arya Samajists, Divali has a special meaning and the Rishi Nirvan inspires the followers to the attainment of salvation.

I would like to seize this opportunity to pay a special tribute to Swami Dayanand for his contribution to the advancement of humanity.

I wish a Happy Divali to the President and members of Arya Sabha Mauritius and Mauritians in general. May the light of Divali enlighten our paths and bring joy and happiness to one and all.

Shubh Divali to all of you!

Pravind Kumar Jugnauth
Prime Minister

भारतीय उच्चायोग,
पोर्ट लुइ, मारीशस

सत्यमेव जयते

High Commission of India,
Port Louis, Mauritius

संदेश

मुझे यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि आर्य सभा, मॉरिशस द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर उनके मुखपत्र आर्योदय का विशेषांक निकाला जा रहा है | दीपावली प्रकाश का वह पर्व है जो हमें प्रतीकात्मक रूप से आतंरिक बुराइयों पर विजय प्राप्त करने और सामाजिक आदर्शों व मानदंडों पर चलने की प्रेरणा देता है | आर्य सभा द्वारा इस अवसर पर महर्षि दयानंद निर्वाण दिवस भी मनाया जा रहा है| आर्य सभा के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती का सत्यार्थ प्रकाश और उनके द्वारा जीवन को बेहतर बनाने के लिए दिए गए दस सिद्धांत विश्व कल्याण हेतु अमूल्य देन हैं | दीपावली और महर्षि दयानंद निर्वाण दिवस दोनों ही हमें प्रेरित करते हैं कि सृष्टि के सर्वश्रेष्ठ प्राणी होने के नाते हम अपनी मेधा बुद्धि का सकारात्मक प्रयोग करते हुए समाज और विश्व कल्याण में अपना योगदान दें |

मैं दीपावली के पावन अवसर पर आर्य सभा, मॉरिशस के सभी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ और कामना करता हूँ कि यह पर्व आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और परस्पर भाईचारे की भावना का विस्तार करे |

अभय ठाकुर

सम्पादकीय

ज्योति से ज्योतित हो !

बालचन्द तनाकूर, पी.एम.एस.एम, आर्य रत्न

हम ज्योति प्रिय प्राणी हैं। हमारा जीवन तो ज्योति पर आधारित है, क्योंकि घोर कालिमा में हम जीवित नहीं रह सकते हैं। अन्धेरा होते ही हम प्रकाश पाने की खोज करने लगते हैं। अतः जहाँ प्रकाश है, वहाँ जीवन है, और जहाँ अन्धकार है, वहाँ मृत्यु ।

लौकिक ज्योति तो हमें सूर्य, चन्द्र, तारे, बिजली और अग्नि आदि से प्राप्त हो जाती है। मानवाविष्कार द्वारा दियासलाई, दीपक, तोर्च, बल्बादि से रोशनी मिल जाती है, जो हमें प्रकाश देने में सहायक होती है। आज विज्ञान वेत्ताओं की नवीनतम खोजों से विविध प्रकार की ज्योति प्रकट हो रही है, जो दुनिया को चौंका रही है, जिससे सुखानन्द प्राप्त हो रहा है। परमात्मा की ऐसी कृपा हो कि संसार नित्य प्रकाशमान होता रहे ।

मनुष्य को बाहरी ज्योति पर्याप्त नहीं होती है। उसे आंतरिक ज्योति की भी अत्यावश्यकता होती है। उसकी मानसिक, बौद्धिक, आत्मिक, चारित्रिक और आध्यात्मिक ज्योति तीव्र होने से ही वह पूर्ण रूप से प्रकाशमान हो पाता है। वेद की सत्य-ज्योति प्रज्वलित होने से ही इनसान अविद्या के अन्धकारों, कुकर्मों, दुर्व्यवहारों आदि से दूर होकर सुपथगामी होते हैं। ऐसे प्राणी का जीवन आलोकित रहता है। उधर जिनकी आंतरिक कालिमा दूर नहीं हो पाती है, वे अपनी दुर्भावनाओं द्वारा अपने को और अन्यों को भी हानि पहुँचाते रहते हैं। जिनके जीवन में मंद-ज्योति की झलक दिखाई देती है, वे कभी ज्योतिर्मय नहीं हो सकते हैं।

मानवजाति को वेद-ज्योति से उद्दीप्त करने के लिए देव दयानन्द ने अपने अनमोल जीवन को समर्पित कर दिया। सत्यासत्य, धर्माधर्म, कर्माकर्म, न्यायान्याय, अन्धविश्वास-भ्रमादि भयंकर अन्धकारों से दूर करने के लिए ही तो वे संसार में आए थे। हम अगर उनके मार्ग-दर्शन पर जीवन व्यतीत करेंगे, तो किसी प्रकार की कालिमा हमें प्रभावित नहीं कर पाएगी।

वेद की दिव्य-ज्योति से प्रभु-ज्योति का सही आभास होता है। उस अद्भुत ज्योति से आत्म-ज्योति, ज्ञान-ज्योति, सत्य-ज्योति, दया-ज्योति, प्रेम-ज्योति, कर्म-ज्योत्यादि चमकने लगते हैं, जिनके द्वारा जीवन ज्योतित होता जाता है, और दूसरे लोग भी प्रभावित होकर मार्ग-दिशा पाकर, ज्योति-से-ज्योति जलाते रहते हैं।

उन्नीसवीं सदी में जब भारतीयों के दयनीय जीवन में मिथ्या-विद्या, विपरीत-विद्या, भ्रामिक-विद्या तथा अन्याय-अत्याचारादि के घोर बादल मण्डरा रहे थे, तब वरद पुत्र दयानन्द ने उन बेबस जीवधारियों का जीवन आलोकित किया। उन्होंने वैदिक धर्म का प्रचार करके वेदों का उद्धार किया और वेद-ज्योति से मानवीय मन, बुद्धि, अंतःकरण और आत्मा को ज्योतित किया। हम उस तपस्वी, महात्यागी, परोपकारी और जन-उद्धारक महापुरुष के परोपकारों के प्रति नतमस्तक हैं। आर्य जगत् में देवर्षि दयानन्द का नाम सदा अमर रहेगा और उनके आदर्श जीवन से हर युग में मानवजाति का कल्याण अवश्य होगा ।

दीपावली ज्योति का पर्व है, इस पर्व में हम तेल-बाती जलाकर दीपों को प्रज्वलित करते हैं। जगमगाते दीपकों से घर-आँगन सुशोभित करते हैं। हवन यज्ञादि से घरों को भक्तिमय बना देते हैं। मिठाइयाँ तैयार करके बड़े प्रेम से खाते हैं और सखा-सम्बंधियों में बाँटते हैं । दीपों की लौ हमें यह शिक्षा देती है कि मनुष्य को अपने जीवन का परित्याग करके अन्यों को जगाएँ। दूसरों की ज़िंदगी को सवाँरें, उसे आलोकित करें । हम मानव उद्धार में अपना जीवन समर्पित करते रहेंगे, तो हमारा जीवन रोशन होगा, और अन्यों को भी जीने की रोशनी मिलेगी ।

दीपावली और ऋषि-निर्वाण दिवस तो प्रति वर्ष कार्तिक मास की अमावस्या को आते हैं, और चले जाते हैं। अगर हम अपने बाहरी और आंतरिक कालिमा को ज्योतित करने में असफल होंगे तो इस महान् शिक्षाप्रद पर्व का क्या महत्व ?

दीपावली से प्रभावित होकर हम अपने पारिवारिक सम्बन्ध को सुदृढ़ बनाएँ, आपसी प्रेम, सहयोग, एकता के प्रकाश से परिवार को चमकाते रहें। यदि सबका मान-सम्मान करते हुए एक दूसरे के प्रति हितकारी बने रहेंगे, तो हमेशा दिवाली ही दिवाली है। दुर्भाग्य से अगर किसी परिवार का सदस्य कुविचारी तथा कुसंस्कारी बन गया, तो उसे सदाचारी और संस्कारी बनाना हमारा कर्तव्य है। कर्मशील प्राणी का परम लक्ष्य है कि वह कर्मयोगी बनकर अन्यों का कल्याण करे, जैसे परोपकारी दयानन्द ने अंतिम साँस लेते समय गुरुदत्त विद्यार्थी जैसे अबोध अज्ञानी की अज्ञानता रूपी जंग को जलाकर चमका दिया था।

प्रकाशकों के महा प्रकाशक परमात्मा से विनती है कि हम समस्त प्राणी उस परम ज्योति से ज्योतित होकर ज्योतिर्मय बनें और जिन्हें वेद की ज्योति प्राप्त नहीं हुई, उनके ज्ञान-चक्षु खोलें।

हमारी यही कामना है कि सभी हिन्दू परिवारों में सत्य विद्याओं का दीप चमकता रहे और दयानन्द की विचारधारा से हमारा भावी जीवन उदयी व उद्बुद्ध होता रहे। दीपावली में जिस प्रकार एक दीप प्रज्वलित करने से अनगिनत दीप जगमगाने लगते हैं, उसी प्रकार हम अगर देवर्षि जी के तपोमय आदर्श जीवन से प्रेरित होकर सत्य-विद्या की ज्योति जलाते रहेंगे, तो मानव समाज शोभायमान हो जाएगा। दीपावली और ऋषि-निर्वाण-दिवस हम सभी हिन्दू परिवारों के लिए प्रकाशमय और प्रेरणा-दायक हो। ***दीपावली सभी को मंगलमय हो ।***

पग बढ़े प्रकाश की ओर

डॉ० उदय नारायण गंगू, ओ.एस.के., जी.ओ.एस.के.,आर्य रत्न

आज बच्चा-बच्चा जानता है कि दीपावली प्रकाश-पर्व है। लम्बी उम्र पार करने वाला वह आदमी अब भी बच्चा ही है, जो इतना ही मानता है कि प्रकाश केवल रात का अन्धेरा दूर करता है। वह यह नहीं समझता कि 'प्रकाश' का अर्थ बड़ा व्यापक है। अज्ञान के कूप में पड़ा व्यक्ति अन्धविश्वास-तिमिर का घोर शिकार बना रहता है ।

इस धरा-धाम पर अनेक महापुरुषों ने अज्ञानांधकार को नष्ट करने में दीपों की भाँति अपनी कंचन-काया रूपी तेल-बाती को भस्म कर डाला। उनमें एक थे, प्रकाश-पुत्र - दयानन्दर्षि, जो दीन-दुखियों के प्रति अपनी दया-वृष्टि बरसाते-बरसाते एक दीपोत्सव की शाम को जब कोटि-कोटि दीये विश्व के प्रांगण में पाँव पसारे अन्धेरे से लड़ रहे थे, तब वे प्रकाश-पुंज परमेश्वर का नाम जिह्वा पर लाकर अपना जीवन-दीप बुझा गए ।

महर्षि दयानन्द आजीवन प्रकाश के उपासक रहे। वे अपने अनुयायियों के नयनों से ओझल होने से पूर्व अखिल विश्व को आर्यसमाज जैसी एक ज्योतिर्मयी संस्था दे गए। यदि दो पल रुककर महर्षि दयानन्द सरस्वती द्वारा निर्धारित आर्यसमाज के नियमों पर एक दृष्टि डाली जाए, तो सुधी जनों को यह समझने में तनिक भी देर नहीं लगेगी कि इन नियमों के अनुसार आचरण करने से प्रत्येक मनुष्य का मन-मस्तिष्क प्रकाशित हो उठेगा, आत्मा ज्योतित हो उठेगी । आर्यसमाज का पहला नियम कहता है – *"सब सत्यविद्या और जो पदार्थ-विद्या से जाने जाते हैं, उन सबका आदि मूल परमेश्वर है।"*

पाठक वृन्द ! विद्या से उत्तम और कोई प्रकाश नहीं । महर्षि ने आर्यसमाज के प्रथम नियम में दो प्रकार की विद्याओं का संकेत किया है। सर्वकालों में एक जैसा रहने वाले ज्ञान को 'सत्यविद्या' कहते हैं। ईश्वर, जीव और प्रकृति – ये तीनों नित्य हैं, अनादि हैं। इस ज्ञान को 'सत्यविद्या' कहते हैं। यह सत्यविद्या का आधार परमेश्वर प्रदत्त 'वेद' है। ईश्वरीय ज्ञान – वेद से बढ़कर और कोई प्रकाश नहीं। वेद ही प्रकाश-स्वरूप परमेश्वर का ज्ञान कराता है। वह सिखाता है कि परमात्मा न्यायकारी है। धर्मयुक्त कर्म करने वाले के जीवन में सुख का प्रकाश भर देता है और अधर्मयुक्त कर्मों में रत व्यक्ति को अन्धकाररूपी दुख के सागर में डुबो देता है।

आठवें नियम में निर्देश किया गया कि *"अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिए।"*
हम अपनी दैनिक प्रार्थना में इसी नियम के अनुसार कहते हैं – **'तमसो मा ज्योतिर्गमय'** - हे प्रभु ! मुझे तम-तिमिर से बचाकर ज्योतिरूपी अमृत प्रदान कीजिए ।

आर्यसमाज का चौथा नियम कहता है – *"सत्य के ग्रहण करने और असत्य के छोड़ने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिए ।"*
एक सच्चे आर्य को भली-भाँति विदित है कि 'सत्य' - प्रकाश है और 'असत्य' - अन्धकार ।
सूक्ति है – **'सत्यमेव जयते नानृतम् ।'** – सत्य की ही विजय होती है, असत्य की नहीं ।

महात्मा कबीर कहते हैं – *साँच बराबर तप नहीं, झूठ बराबर पाप ।*
जा के हिरदय साँच है, ताके हिरदय आप ।।
लोक भाषा में कहा गया है – *"सच्चे का बोलबाला । झूठे का मुँह काला ।"*

अज्ञानी आदमी सोचता है कि झूठ बोलकर वह दूसरे की हानि करेगा। कार्तिकी अमावस्या से भी घोर अन्धकार का शिकार होने के कारण, वह अज्ञानी नहीं जानता कि अपने ही हाथों अपना गड्ढा खोदता है। आर्यसमाज का पाँचवा नियम कहता है – *"सब काम धर्मानुसार अर्थात् सत्य और असत्य को विचार करके करने चाहिए।"*

जो आर्य अर्थात् श्रेष्ठ, सज्जन और परोपकारी व्यक्ति होता है, वह प्रत्येक कार्य विचार कर करता है। वह कार्य करने से पहले आर्ष ग्रन्थों की शिक्षाओं के अनुसार निश्चय कर लेता है कि धर्म और अधर्म क्या है ।

सत्य और धर्म पर्यायवाची शब्द हैं। आर्य सत्य वा धर्म के प्रकाश से विभूषित होकर ऋग्वेद के शब्दों में कहता है – **इन्द्रं वधन्तोऽप्तुरः कृण्वन्तो विश्वमार्यम् अपघ्नन्तोऽरुणं** – अर्थात् दुर्गणों का नाश और ऐश्वर्य की वृद्धि करते हुए समस्त जगत् को आर्य बनाना चाहिए । आर्य वही बनता है, जो आर्यसमाज के सातवें नियम को चरितार्थ करता है, यथा – *"सबसे प्रीतिपूर्वक धर्मानुसार यथायोग्य वर्तना चाहिए ।"*

प्रेम प्रकाश है, इसलिए सबसे प्रीतिपूर्वक वर्तने का आदेश दिया गया है। अन्यायियों और अधर्मियों से बचके रहना ही यथायोग्य बर्ताव करना है। जो निर्मल और निश्छल मन वाला है, उससे मैत्री-भाव रखना चाहिए और जो छली और कपटी है, उसकी उपेक्षा करनी चाहिए। जो हमारी दया का पात्र है, उसके प्रति हमारे मन में करुणा-भाव होना चाहिए । सुखी जनों के प्रति हमारे मन में मुदिता होनी चाहिए। यही है यथायोग्य वर्ताव ।

यदि हम आर्यसमाज के दसों नियमों को चरितार्थ करेंगे तो अवश्य ही प्रकाश-पथ के पथिक बनेंगे । ऐसे ही प्रकाश-पुत्र दीपावली पर्व मनाने का पूर्णाधिकारी होता है ।

दीपावली एवं दयानन्द-निर्वाण

सत्यदेव प्रीतम,सी.एस.के.,आर्य रत्न,
मन्त्री आर्य सभा

दीपावली व दिवाली पर्यायवाची शब्द हैं। दीपावली सामासिक शब्द है, जबकि दिवाली में संधी नहीं है, पूरा एक शब्द है। पर दीपावली में दीप + अवली है। दीप दीये को कहते हैं और अवली कतार, पाँति या पंक्ति। अवली से विभिन्न शब्द बनते हैं – जैसे - रचनावली, कवितावली, निबन्धावली या दोहावली। यदि दीप जलाकर एक यहाँ, एक वहाँ रखेंगे तो शोभा नहीं देती। जबकि एक पंक्ति में रखते हैं, तो शोभा बढ़ जाती है। हम मनुष्य सुन्दरता के पुजारी हैं।

इस साल दीपावली पर्व गुरुवार दिनांक १९ अक्तूबर तदनन्तर कार्तिक अमावस्या सम्वत् २०७४ को पड़ा है। वर्ष की सब से अंधेरी रात होती है। यह पर्व इतना पुराना है कि इसमें अनेक कारण आकर जुड़ गए हैं, जैसे एक नदी जितनी लम्बी होती है, उतने ही छोटे-छोटे नदी-नाले आकर मिल जाते हैं और मूल नदी का महत्व बढ़ जाता है – जैसे भारत में गंगा ।

भारत वर्ष आदि से ही कृषि-प्रधान देश रहा है और आज भी यद्यपि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे बढ़ गया है, फिर भी वहाँ कृषि का बहुत बड़ा महत्व है । इस लिए भारत के अनेक पर्वों का सम्बन्ध खेती-बारी से है, फ़सल से है। जैसे होली, दीपावली आदि, किसानों और मज़दूरों से है, वर्णों से है। श्रावणी पर्व ब्राह्मणों से सम्बन्ध रखती है, तो होली और दिवाली किसानों और मज़दूरों से सम्बन्धित हैं। दीपावली का एक दूसरा नाम शारदीय नवसस्येष्टि याने शरद् ऋतु का नवीन सस्य (फ़सल) काटा जाता है । किसान का घर अन्न, धान, माष, मूँग, बाजरा, तिल और कपास से भर जाता है। खुशी का ठिकाना नहीं रहता । लक्ष्मी-धन की प्राप्ति होती है। यज्ञ-हवन आदि होता।

हम वैदिक धर्मावलम्बी आर्यसमाजी नवजागरण के पुरोधा याने अग्रदूत युग प्रवर्तक महर्षि दयानन्द सरस्वती की भूलोक यात्रा की समाप्ति का स्मरण करते हैं। उनके बताये हुए सिद्धान्तों को जीवन में उतारने की प्रतिज्ञा करते हैं। दिवाली के रोज़ शायद ही कोई आर्य समाजी होगा, जो उनके चयन किये हुए, वेद मन्त्रों से बनाये हुए यज्ञ को अपने गृह पर नहीं करता होगा या अपने गाँव या नगर के आर्य मंदिरों में नहीं जाता होगा ।

पुरोहितों द्वारा मौक़े से फ़ायदा उठाते हुए दीपावली सम्बन्धीवार्ता आदि संदेश दिये जाते हैं। पिछले कई वर्षों से दूरदर्शन द्वारा दो घण्टे का सीधा प्रसारण करते आ रहे हैं, ताकि हमारे दर्शक दीपावली सम्बन्धी ज्ञान प्राप्त कर सकें। आर्यसभा की ओर से प्रकाशित मुख पत्र 'आर्योदय' का दीपावली विशेषांक निकालते हैं, जिसमें विभिन्न विद्वान् लेखकों द्वारा लेख होते हैं।

कुछ लोगों का कहना है कि हम दयानन्द निर्वाण या ऋषि-निर्वाण की रोज़ खुशियाँ मनाते हैं। वैसे हम आर्यसमाजी मृत्यु को गले लगाते हैं, क्योंकि हमें मालूम है कि मृत्यु शरीर की होती है। आत्मा मरती नहीं, आत्मा तो अमर है। एक घड़ी केलिए सोचिए यदि स्वामी जी शरीर नहीं त्यागते तो कितनी पीड़ा होती, निर्वाण के बाद स्वामी जी को मोक्ष प्राप्त हो गया । इसमें तनिक भी शंका नहीं। वे परमात्मा के सान्निध्य में चिरकाल तक रहेंगे ।

ऋषि-निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य पर

ऋषि-निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य पर मैं प्रसिद्ध विद्वान् श्री मनमोहन आर्य जी का यह प्रभावशाली लेख प्रेषित कर रहा हूँ, जो अविद्या पर आधारित है। यह लेख बड़ा ही प्रासंगिक है, क्योंकि महर्षि दयानन्द सरस्वती ने कुम्भ के मेले में 'पाखंड-खण्डनी पताका' फहराकर १९वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में प्रचलित गुरुडम, पाखण्ड, अंधविश्वास इत्यादि सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध आवाज़ बुलन्द की थी। तत्कालीन समाज में महर्षि दयानन्द का यह कदम युग-परिवर्तन का सूचक था। आज १४० वर्ष बाद भी मानव समाज में अंधविश्वास और गुरुडम के विभिन्न रूप न केवल पल्लवित हो रहे है, बल्कि निर्भय होकर स्वयं को संपोषित और संवर्धित भी कर रहे हैं।

महर्षि दयानन्द सरस्वती, जिन्होंने हमें अविद्या अंधकार से हटाकर ज्ञान के प्रकाश में लाने के लिए अपने आपको आहुत कर दिया, उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए आज हमें आत्मनिरीक्षण कर अपने बहके कदम को सत्पथ पर लाने का पूर्ण करना चाहिए। आशा करते हैं कि यह लेख पाठकों के लिए प्रेरणादायक रहेगा।

हरिदेव रामधनी

मनुष्य जीवन सफल कैसे बनें

लेखक श्री मनमोहन आर्य

हमारे मनुष्य जीवन का उद्देश्य क्या है और उसे कैसे प्राप्त किया जा सकता है ? इसका सरल उपाय तो

वैदिक ग्रन्थों का स्वाध्याय है, जिसमें ऋषि दयानन्द के ग्रन्थ सत्यार्थप्रकाश, ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका, संस्कारविधि, आर्याभिविनय आदि का महत्वपूर्ण स्थान है । दर्शनों व उपनिषदों सहित वेदादि भाष्यों का अध्ययन भी उपयोगी है। मनुष्य जीवन का मुख्य उद्देश्य तो जीवन से अविद्या को दूर करना है। अविद्या दूर करने के लिए विद्या का ग्रहण व उसे धारण करना आवश्यक है। विद्या को धारण कर उसे आचरण में लाना है और विद्या को आचरण में लाने का अर्थ है विद्या के अनुरूप आचरण अर्थात् सदाचरण और सद्कर्मों को करना । वेदों में कहा है कि सद्कर्मों व सदाचरण से मनुष्य मृत्यु को पार हो जाता है और विद्या से उसे अमृत वा मोक्ष की प्राप्ति होती है। मनुष्य को विद्या-प्राप्ति के साथ ईश्वर, आत्मा और सृष्टि का ज्ञान प्राप्त कर ईश्वर की स्तुति, प्रार्थना व उपासना का करना उसका कर्तव्य सिद्ध होता है । ईश्वर में ध्यान करने के लिए अपने जीवन को ईश्वर के गुण, कर्म व स्वभाव के अनुरूप व अपने स्वभाव व आचरण को ईश्वर के अनुरूप करना आवश्यक है। ऐसा करके ईश्वर से मेल होने से जीवात्मा दुर्गुण, दुर्व्यस्न व दुखों से दूर हो जाता है। इस स्थिति को प्राप्त होने पर ईश्वर का साक्षात्कार होना सम्भव है। आप्त पुरुषों के उपदेश वा ऋषि वचनों से ज्ञात होता है कि ज्ञान, कर्म व उपासना की सफलता होने पर मनुष्य ईश्वर का साक्षात्कार कर निर्भ्रान्त हो जाता है। यह जीवन की उच्चतम व श्रेष्ठ स्थिति होती है। सभी मनुष्यों को इसके लिए प्रयत्न करना चाहिए। यदि यह स्थिति सम्पादित हो गई तो इससे यह जन्म व परजन्म दोनों सुधरते हैं। यदि यह स्थिति नहीं बनी तो मनुष्य जीवन की बहुत बड़ी हानि होती है। इसका अनुमान स्वाध्यायशील व्यक्ति, ज्ञानी व विद्वान् ही लगा सकते हैं। एक प्रकार से कहें तो यह वैदिक शिक्षा का सार है। इसीलिए महर्षि दयानन्द ने सत्यार्थप्रकाश में लिखा है कि वह व्यक्ति भाग्यशाली है, जिसके माता-पिता व आचार्य वैदिक धर्मी व धार्मिक विद्वान् हों। उनसे अपनी सन्तान व शिष्यों का जो कल्याण होता है, वह अन्य माता-पिता व आचार्यों के द्वारा नहीं होता है।

मनुष्य जीवन में जीवन के उद्देश्य की पूर्ति के लिए ऋषि दयानन्द ने प्रचीनकाल में प्रचलित पंचमहायज्ञों व उनकी विधि का पुनरुद्धार किया है। यह भी महर्षि दयानन्द जी की देश व विश्व के प्रति बहुत बड़ी देन है। इसके साथ ही महर्षि दयानन्द के अन्य सभी ग्रन्थ मनुष्य की अविद्या को दूर कर उसे विद्वान् बनाते हैं, जिनसे मनुष्य में विवेक उत्पन्न होता है । सन्ध्या वा ईश्वर के ध्यान की प्रेरणा मिलती है। वह नास्तिकता से दूर वा मुक्त होकर ईश्वर का सच्चा उपासक, देशहितैषी वा देशभक्त बनता है। सभी चारित्रिक बुराइयों से ऊपर उठकर एक आदर्श नागरिक बनता है । ऐसे लोगों से ही देश व समाज का हित होता है। ऐसे लोग अपने जीवन को भी महनीय बनाते हैं व देश व समाज के लिए उनका योगदान प्रशंसनीय व महत्वपूर्ण होता है ।

इस पृष्ठभूमि में जब हम आर्यसमाज के प्रवर्तक ऋषि दयानन्द और उनके कुछ प्रमुख अनुयायियों के जीवनों पर विचार करते हैं तो हम सभी को स्वाध्यायशील व ईश्वरोपासना सहित समाज-सुधार व दूसरों के कल्याण के कामों में लगा हुआ पाते हैं। उनमें ज्ञान व कर्म का सन्तुलन दिखाई देता है। मन, वचन व कर्म से वह एक होते हैं। ऋषि दयानन्द सच्चे ईश्वर उपासक थे और इसका प्रचार उन्होंने लेख व प्रवचनों सहित अपने जीवन के उदाहरण से भी किया है। वह ऐसे योगी थे, जो लगातार १६ घंटे की समाधि लगा सकते थे। समाधि वह अवस्था होती है, जिसमें ईश्वर का साक्षात्कार होता है। ईश्वर साक्षात्कार मनुष्य की आत्मा के लिए सबसे अधिक सुखदायक व आनन्द की स्थिति होती है। ऐसा सुख व आनन्द संसार के किसी भौतिक पदार्थ में नहीं होता । इसी कारण प्राचीनकाल से हमारे सभी ऋषि व योगी भौतिक पदार्थों, धन व ऐश्वर्य से अधिक महत्व ईश्वर के ध्यान, उसकी उपासना और समाज हित के कार्यों को देते थे। आज यदि हम मध्यकालीन समाज और वर्तमान समाज पर दृष्टि डालें और दोनों की तुलना करें तो हमें आज का समाज कहीं अधिक उन्नत व समृद्ध दृष्टिगोचर होता है । इसका अधिकांश श्रेय महर्षि दयानन्द को देना होगा। उन्होंने समाज से अन्धविश्वास, कुरीतियाँ व पाखण्ड दूर करने के साथ वेद और वैदिक विद्याओं का प्रचार किया । वह ज्ञान की विपुल राशि समाज को दे गये हैं, जिसका जो भी मनुष्य उपयोग करेगा वह उस विद्या धन से सुखी व समृद्ध बनेगा और उसे सबसे बढ़कर जो प्राप्ति होगी वह आत्मसंतोष कह सकते हैं ।

स्वाध्याय का जीवन में प्रमुख स्थान है । इसका ज्ञान उसी को होता है, जो स्वाध्याय करता है । स्वाध्याय के साथ निष्पक्ष व निस्वार्थ भावना वाले विद्वानों के प्रवचनों का भी महत्व होता है । अतः मनुष्य को अच्छी पुस्तकों का संग्रह कर उसका नियमित अध्ययन करना चाहिए। इसका प्रभाव उसके भावी जीवन में पड़ेगा । वह बहुत सी बुराइयों व बुरे कार्मों से बच जाएगा और स्वाध्याय के परिणामस्वरूप श्रेष्ठ गुण, कर्म व स्वभाव को धारण कर वर्तमान व भावी जीवन का निर्माण व उन्नयन करेगा । ऐसा जीवन ही सफल जीवन कहा जा सकता है। लेख की समाप्ति पर यह निवेदन करना चाहते हैं कि ऋषि दयानन्द के साथ अन्य महापुरुषों के जीवन को भी सभी मनुष्यों को श्रद्धापूर्वक पढ़ना चाहिए और सत्य के ग्रहण और असत्य के त्याग को अपने जीवन का उद्देश्य बनाना चाहिए । *इत्योम् शम् ।*

ऋषि-निर्वाण एवं दीपावली

श्रीमती धनवन्ती रामचरण,एम.एस.के,आर्य रत्न

ओम् अग्निमीले पुरोहितं यज्ञस्य देवमृत्विजम्।
होतारं रत्नधातमम् ।

हे परम प्रभु परमात्मा ! आप अग्निस्वरूप हैं। आप सब रत्नों को धारण कर रहे हैं। हम बार-बार आपका सम्मान करते हैं ।

बिना प्रकाश के हम अंधकार में नहीं जी सकते हैं। सूर्य देवता को देखो ! प्रातःकाल वह अपने प्रकाश से सारे संसार को प्रकाशित करता है। परमात्मा ने हमें यजुर्वेद में मन्त्र दिये कि प्रातः-सायं वेद मन्त्रों से आहुति देकर यज्ञ करें, परम ज्योति को देनेवाले परमात्मा का ध्यान करें। उनको धन्यवाद करें तथा ज्योति या प्रकाश माँगें। *प्रातःकालीन मन्त्र है* – **ओं सूर्यो ज्योतिर्ज्योतिः सूर्यः स्वाहा ।।१।।**

सायंकालिन मन्त्र – **ओं अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा ।।१।।**

प्रातः-सायं हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हमें प्रकाश दें, ज्योति दें। अन्धकार कोई पसन्द नहीं करता । सब लोग तमस् से दूर भागना चाहते हैं।

'दीपावली' ज्योति का पर्व है, प्रकाश का पर्व है। अग्नि का उत्सव है। यह पर्व कार्तिक अमावस्या को मनाया जाता है। हर साल हम सब बड़ी ही धूमधाम से दीपावली मनाते हैं। भगवान् से सब के लिए सुख-शान्ति माँगते हैं ।

हमारे पूर्वज इस त्योहार को लक्ष्मी-पूजा का पर्व मानते थे। लक्ष्मी का अर्थ – धन-धान्य, ऐश्वर्य है, आदि। प्राचीन भारत में इसे नव सस्येष्टि यज्ञ कहते थे, क्योंकि नये अन्न के आगमन से घरों में किये जाने वाले यज्ञों में नये अन्न की आहुतियाँ दी जाती थीं। यज्ञ से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है ।

दीपावली के दिन एक बहुत बड़ा सन्देश मिलता है। अठारह सौ तिरासी में आर्यसमाज के प्रवर्तक महर्षि दयानन्द सरस्वती जी का मिशन पूरा हुआ। वे हम सब को वेद की ज्योति देकर अमर हो गये। भौतिक ज्योति छोड़कर परमात्मा की ज्योति में समा गये। उन्होंने कहा – *'ईश्वर तेरी इच्छा पूर्ण हो।'* किसी कवि ने ठीक कहा है- *'तूने खूब रचा भगवान् खिलौना माटी का'* ।

नश्वर शरीर चला जाता है, परन्तु मनुष्य का गुण, कर्म, स्वभाव रह जाता है। परमात्मा की लीला अजीब है। धन्य है, ऐसे ऋषि महान् । अगर ऋषि दयानन्द नहीं आते तो नारी जाति की दशा दयनीय होती, नारी जाति की आवाज़ कौन सुनता ? आज नारी कहाँ से कहाँ तक पहुँच गई है। ऋषि दयानन्द के ऋण कौन चुका सकता है? हम कभी भूल नहीं सकते हैं, जो उपकार उन्होंने हम पर किया है – नारी को मान-सम्मान दिया – माँ को ऊँचा स्थान दिया, वेद पढ़ने का अधिकार दिया । वेद का प्रचार केवल स्वामी दयानन्द ने किया इतिहास के पन्नों के ऊपर में बड़े-बड़े विद्वानों का नाम है, परन्तु वेद ज्ञान के बारे में प्रथम नाम ऋषि जी का आएगा, केवल ऋषि जी का। धन्य हैं, गुरु विरजानन्द के परम शिष्य दयानन्द को ।

धन्य हैं, तुझ को ऐ ऋषि ।
तू ने हमें जगा दिया ।
सो-सो कर लूट रहे थे, तूने हमें बचा दिया ।

वैदिक साहित्य में सत्य और धर्म पर्यायवाचक शब्द समझे जाते हैं – उपनिषद् में कहा गया है –

यो वै स धर्म, सत्यं वै तत्तस्मात्
सत्यं वदन्त माहुर्धर्मवदतीति

अर्थात् निश्चय जो धर्म है, वह सत्य है, यह नियम चाहता है कि अन्धविश्वास अथवा आँख बन्द करके किसी के पीछे चलने की प्रथा दुनिया से उठ जाय ।

१. सत्यविद्या – आदि मूल परमेश्वर है –
२, ईश्वर पवित्र है – उपास्यदेव
३. वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है – परम धर्म है
४. सत्य के ग्रहण करने और असत्य के छोड़ने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिए ।
५. सब काम धर्मानुसार अर्थात् सत्य और असत्य को विचार करके करने चाहिए ।

७. सबसे प्रीतिपूर्वक धर्मानुसार यथा योग्य वर्तना चाहिए ।
८. अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिए।

क्यों आर्यसमाज को सत्य इतनी खरी वस्तु मालूम हुई ? इसलिए कि वेद और उपनिषदों में ईश्वर को सत्य कहा गया है । 'सत्यम्' शब्द तीन शब्दों का योग है । (स + ति + यम्)

स - जीव को कहते हैं
ति - ब्रह्माण्ड को
यम् - शासक का नाम है

सत्यम् परमेश्वर का नाम इसलिए है कि वह जीव और जगत् दोनों का शासन अर्थात् नियम में रखता है । **तत् सत्ये प्रतिष्ठितम्** *(बृह० अ० ५)* – वह ब्रह्म सत्य में प्रतिष्ठित है – ईश्वर को तभी पा सकते हैं –सत्य को प्राप्त करने और सत्याचरण करने ही से ब्रह्म को प्राप्त कर सकते हैं ।

महर्षि दयानन्द और देवयज्ञ

दिव्य पुरुष महर्षि दयानन्द के उपकारों का उल्लेख करते-करते लेखनी थक जाएगी, जीवन बीत जायेगा, फिर भी उनके उपकार वर्णनातीत ही रहेंगे। देव दयानन्द ने वेदों का डंका बजाया और मनुष्य के मन-मस्तिष्क में बैठे अविद्यांधकार को दूर भगाया। उनकी देन कहाँ तक गिनी जाए? उन्होंने तैंतीस करोड़ देवी-देवताओं के जाल में फँसे भारत को मुक्त करने में अपना सारा जीवन खपा दिया। बताया कि परमेश्वर एक है, वही संसार का कर्त्ता, धर्त्ता, हर्त्ता एवं नियन्ता है। वह कभी शरीर धारण नहीं करता । ईश्वर की उपासना विधिपूर्वक करनी चाहिए।

कर्मकाण्ड के नाम पर अबोध जनता को स्वार्थियों ने भाँति-भाँति की विधियों में उलझा दिया था। महर्षि ने वैदिक कर्मकाण्ड का प्रचार किया। एक ईश्वर की स्तुति-प्रार्थनोपासना के लिए अपने कालजयी ग्रंथ – 'संस्कार-विधि' में 'ब्रह्मयज्ञ' और 'देवयज्ञ' का विधान किया । उनसे किसी ने पूछा कि होम करने से क्या लाभ है ?

महर्षि ने उत्तर दिया – *"सब लोग जानते हैं कि दुर्गन्धयुक्त वायु और जल से रोग, रोग से दुख और सुगन्धित वायु तथा जल से आरोग्य और रोग के नष्ट होने से सुख प्राप्त होता है ।"*

फिर प्रश्नकर्ता ने पूछा – *"चन्दनादि घिसके किसी के लगावे या घृतादि खाने को देवे तो बड़ा उपकार हो, अग्नि में डालकर व्यर्थ नष्ट करना बुद्धिमानों का काम नहीं ।"*

महर्षि ने उत्तर दिया – *"जो तुम पदार्थ विद्या जानते तो कभी ऐसी बात न कहते, क्योंकि किसी द्रव्य का अभाव नहीं होता । देखो जहाँ होम होता है, वहाँ से दूर देश में स्थित पुरुष की नासिका से सुगन्ध का ग्रहण होता है। इतने से ही समझ लो कि अग्नि में डाला हुआ पदार्थ सूक्ष्म हो के फैल के वायु के साथ दूर देश में जाकर दुर्गन्ध की निवृत्ति करता है।"* (सत्यार्थप्रकाश तीसरा समुल्लास)।

महर्षि दयानन्द की उपर्युक्त मान्यता को वर्तमान समय के वैज्ञानिक सिद्ध कर रहे हैं। इस सन्दर्भ में श्रीमती मधु गजाधर जी ने हमें एक शोधपूर्ण लेख प्रेषित किया है, जो हम अपने पाठकों के लाभार्थ प्रस्तुत कर रहे हैं ।

डॉ० उदय नारायण गंगू

हवन का महत्त्व

श्रीमती मधु गजाधर



फ्रांस के ट्रेले नामक वैज्ञानिक ने हवन पर रिसर्च की, जिसमें उन्हें पता चला की हवन मुख्यतः आम की लकड़ी से किया जाता है। जब आम की लकड़ी जलती है तो फ़ॉर्मिक एल्डिहाइड नामक गैस उत्पन्न होती है, जो कि खतरनाक बैक्टीरिया और जीवाणुओं को मारती है तथा वातावरण को शुद्ध करती है । इस रिसर्च के बाद ही वैज्ञानिकों को इस गैस और इसे बनाने का तरीका पता चला। गुड़ को जलाने पर भी यह गैस उत्पन्न होती है ।

टौटीक नामक वैज्ञानिक ने हवन पर की गयी अपनी रिसर्च में ये पाया की यदि आधे घंटे हवन में बैठा जाये अथवा हवन के धुएँ से शरीर का सम्पर्क हो तो टाइफाइट जैसे खतरनाक रोग फैलाने वाले जीवाणु भी मर जाते हैं और शरीर शुद्ध हो जाता है ।

हवन की महत्ता देखते हुए 'राष्ट्रीय वनस्पति अनुसन्धान संस्थान' लखनऊ के वैज्ञानिकों ने भी इस पर एक रिसर्च की । क्या वाकई हवन से वातावरण शुद्ध होता है और जीवाणु नष्ट होते हैं, अथवा नहीं।' उन्होंने ग्रंथों में वर्णित हवन-सामग्री जुटाई और जलाने पर पाया कि ये विषाणुओं का नाश करती है। फिर उन्होंने विभिन्न प्रकार के धुएँ पर भी काम किया और देखा की सिर्फ़ एक किलो आम की लकड़ी जलाने से हवा में मौजूद विषाणु बहुत कम नहीं हुए, पर जैसे ही उसके ऊपर आधा किलो हवन समाग्री डालकर जलायी गयी, एक घंटे के भीतर ही कक्ष में मौजूद बॉक्टेरिया का दर ९४% कम हो गया। यही नहीं उन्होंने आगे भी कक्ष की हवा में मौजुद जीवाणुओं का परीक्षण किया और पाया कि कक्ष के दरवाज़े खोले जाने और सारा धुआँ निकल जाने के २४ घंटे बाद भी जीवाणुओं का स्तर सामान्य से ९६ प्रतिशत कम था। बार-बार परीक्षण करने पर ज्ञात हुआ कि इस एक बार के धुएँ का असर एक माह तक रहा और उस कक्ष की वायु में विषाणु दर ३० दिन बाद भी सामान्य से बहुत कम था।

यह रिपोर्ट एथ्नोफार्माकोलीजी के शोध पत्र (research journal of Ethnopharamcology 2007) में भी दिसम्बर २००७ में छप चुकी है ।

रिपोर्ट में लिखा गया कि हवन के द्वारा न सिर्फ़ मनुष्य नहीं, बल्कि वनस्पतियों और फसलों को नुकसान पहुँचाने वाले बैक्टीरिया का नाश होता है, जिससे फ़सलों में रासायनिक खाद का प्रयोग कम हो सकता है ।

क्या हो हवन की समिधा (जलने वाली लकड़ी)

समिधा के रूप में आम की लकड़ी सर्वमान्य है, परन्तु अन्य समिधाएँ भी विभिन्न कार्यों हेतु प्रयुक्त होती हैं । सूर्य की समिधा मदार की, चन्द्रमा की पलाश की, मङ्गल की खैर की, बुध की चिड़चिड़ा की, बृहस्पति की पीपल की, शुक्र की गूलर की, शनि की शमी की, राहु दूर्वा की और केतु की कुशा की समिधा कही गई है ।

मदार की समिधा रोग को नाश करती है, पलाश की सब कार्य सिद्ध करने वाली, पीपल की प्रजा सन्तति) काम कराने वाली, गूलर की स्वर्ग देने वाली, शमी की पाप नाश करने वाली, दूर्वा की दीर्घायु देने वाली और कुशा की समिधा सभी मनोरथ को सिद्ध करने वाली होती है ।

हव्य (आहुति देने योग्य द्रव्यों) के प्रकार

प्रत्येक ऋतु में आकाश में भिन्न-भिन्न प्रकार के वायुमण्डल रहते हैं। सर्दी, गर्मी, नमी, वायु का भारीपन, हलकापन, धूल, धुँआ, बर्फ़ आदि का भरा होना। विभिन्न प्रकार के कीटाणुओं की उत्पत्ति, वृद्धि एवं समाप्ति का क्रम चलता रहता है । इसलिए कई बार वायुमण्डल स्वास्थ्यकर होता है, । कई बार अस्वास्थ्यकर हो जाता है । इस प्रकार की विकृतियों को दूर करने और अनुकूल वातावरण उत्पन्न करने के लिए हवन में ऐसी औषधियाँ प्रयुक्त की जाती हैं, जो इस उद्देश्य को भली प्रकार पूरा कर सकती हैं।

होम द्रव्य

होम-द्रव्य अथवा हवन-सामग्री वह जल सकने वाला पदार्थ है, जिसे यज्ञ (हवन/होम) की अग्नि में मन्त्रों के साथ डाला जाता है ।

(१) **सुगन्धित** – केशर, अगर, तगर, चन्दन, इलायची, जायफल, जावित्री, छड़ीला, कपूर, कचरी, बालछड़, पानड़ी आदि ।
(२) **पुष्टिकारक** - घृत, गुग्गुल, सूखे फल, जौ, तिल, चावल शहद नारियल आदि ।
(३) **मिष्ट** - शक्कर, छूहारा, दाख आदि ।
(४) **रोग नाशक** – गिलोय, जायफल, सोमवल्ली, ब्राह्मी, तुलसी, अगर, तगर, तिल, इंद्रा, जव, आमला, मालकांगनी, हरताल, तेजपत्र, प्रियंगु, केसर, सफ़ेद चन्दन, जटामांसी, आदि।

उपर्युक्त चारों प्रकार की वस्तुएँ हवन में प्रयोग होनी चाहिए। अन्नों के हवन से मेघ-मालाएँ अधिक अन्न उपजाने वाली वर्षा करती हैं। सुगन्धित द्रव्यों से विचारों शुद्ध होते हैं, मिष्ट पदार्थ स्वास्थ्य को पुष्ट एवं शरीर को आरोग्य प्रदान करते हैं, इसलिए चारों प्रकार के पदार्थों को समान महत्व दिया जाना चाहिए। यदि अन्य वस्तुएँ उपलब्ध न हों, तो जो मिले उसी से अथवा केवल तिल, जौ, चावल से भी काम चल सकता है।

समान्य हवन सामग्री – तिल, जौ, सफ़ेद चन्दन का चूरा, अगर, तगर गुग्गुल, जायफल, दालचीनी, तालीसपत्र, पानड़ी, लौंग, बड़ी इलायची, गोला, छुहारे नागर मौथा, इनद्रजै, कपूर कचरी, आँवला, जयफल, ब्राह्मी, आदि ।

दीया

श्रीमती शान्ति मोहाबीर, एम.ए., पी.एच.डी.

दीया ज्योति बिखेरता है। बाह्य संसार के तिमिर को चीरकर प्रकाश देता है। स्वयं को जलाकर सभी को आलोकित करता है। दीया तले अंधकार का साम्राज्य सदैव विद्यमान रहता है, परन्तु अपने अंधकार को दूर करने की चिन्ता उसे कहाँ ? बिना खुद को जलाए कोई किसी को प्रकाश कैसे दे सकता है? जलन और तपन की पीर से गुज़रकर, तिल-तिल घुटकर, अपना सर्वस्व न्यौछावर कर ही दीपक अंधकार को तिरोहित करता है ।

दीया आर्य संस्कृति का आधार है। यह मानव-जीवन के परम लक्ष्य का प्रतीक है । प्रेम-त्याग जैसी उदात्त भावनाओं का द्योतक है। भारत में जब अविद्या रूपी विषधर ने डंक मार-मारकर आर्य संस्कृति व सभ्यता को विषाक्त कर दिया था तब महर्षि दयानन्द सरस्वती के रूप में एक दीया जला था। 'तमसो मा ज्योतिर्गमय' का स्वामी दयानंद ने उद्घोष किया था और अज्ञान के सधन तमस को समाप्त करने हेतु वेद-प्रकाश को शस्त्र बनाया था। दयानंद का निर्वाण हुआ भी तो किस दिन ? प्रकाश के पर्व दीपावली के दिन । मानव के प्रति सच्चे प्रेम व त्याग का जो दीया स्वामी दयानंद जला गये, वह आज भी सत्य और धर्म जैसी सात्विक शक्तियों का प्रमाण दे रहा है। दीया और महर्षि का नाता अटूट है। नवीनता, अद्वितीयता तथा अपूर्वता की बाती और नवजागरण को अमित विस्तारशीलता प्रदान करनेवाले घी से महर्षि वेद का दीया पुनः जला गये ।

चिराग जिस किसी भी धातु से बना हो, वह तम को भंग अवश्य करता है । परन्तु दीपावली का शाश्वत संदेश तो माटी का दीया ही देने में सक्षम होता है। जड़ और चेतन का प्रतीक है, माटी का दीया । चेतना का अनोखा आलोक धारण कर वह आर्यजाति की सांस्कृतिक चेतना को प्रवाहित करता है। माटी का दीया माटी से बनता है, और माटी में ही एक दिन मिल जाता है। ठीक उसी प्रकार जैसे बरफ़ का अस्तित्व कुछ नहीं होता है, अन्त में वह पानी ही बनता है। क्षणभंगुरता तथा अनित्यता का पाठ पढ़ाता है, माटी का दीया । जिस दिन उसकी सृष्टि होती है, उसी दिन उसका नष्ट होना भी निश्चित हो जाता है। मरणधर्मा होते हुए भी वह अपने अल्प जीवनकाल में अपने धर्म से मुँह नहीं मोड़ता है और अपनी दिव्य-ज्योति से संसार का उपकार करता है। हम प्राणियों के जीवन को चैतन्यता प्रदान करना नहीं भूलता है। दम भर के इस मेहमान को मृत्यु का कोई भय नहीं होता है। अपना धर्म निभाते हुए माटी का दीया कहता है –

कुछ दम का मेहमाँ हूँ
ऐ अहले महफ़िल !
चिरागे सहर हूँ
बुझा चाहता हूँ।

मानव-तन भी दीपक की भाँति माटी का ही है। यह देह यहीं की है, यहीं रह जाएगी । पंचतत्व से निर्मित इस शरीर तक सीमित होकर रह जाना परम लक्ष्य से भटक जाना है। आर्य जाति को दीया बनना है। बिन ज्योति जिस प्रकार दीया प्राणहीन होता है, उसी प्रकार आत्मप्रकाश के बिना मानव शरीर अर्थहीन, निराधार तथा पोला होता है। यह काया अत्यंत अहम केवल इसलिए है, क्योंकि इसमें अमृत स्वरूप आत्मा का वास होता है । अहंकार का सर्वनाश कर आत्मतत्व को निखारना मानव-धर्म है। प्रकाश हेतु दीया है, दीया हेतु प्रकाश नहीं। वैसे भी आत्मज्योति हेतु मानव-काया है । देह का लक्ष्य है आत्मज्योति की अभिव्यक्ति। आत्मज्योति ही सर्वस्व है। महाकवि कबीर के शब्दों में, आत्मा को प्रकाशित कर चुका प्राणी नित यही गाता है –

लाली मेरे लाल की जित देखूँ तित लाल ।
लाली देखण मैं गई मैं भी हो गई लाल।।

देह से हमारी आसक्ति के कारण निर्विकार आत्मा कहीं दूषित व धूमिल न हो जाए और जीवन का अंधकार कहीं अत्यधिक सघन न हो जाए । दीपावली हमें संदेश देती है कि हे मनुष्यो, परम चेतना को प्रकाशमान करो। चेतना के अभाव में माटी के शरीर का क्या बिसात ? अनभिज्ञता गहन तमस् का द्योतक है। शरीर के सही मोल को समझो और आत्मज्योति का इसमें प्रसार कर लो ।

जीवन उसी का आलोकित हुआ, जो दीया बन जलता रहा। नहीं तो दीवाली प्रतिवर्ष मनाती रहेगी और धरा पर फिर भी अंधेरा रहेगा ।

प्रह्लाद रामशरण को मिला २० वाँ हिन्दी रत्न सम्मान

आर्य जगत् को भली-भाँति विदित है कि महर्षि दयानन्द की मातृभाषा गुजराती थी। संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान् होते हुए भी उन्होंने अपने ग्रन्थों का प्रणयन हिन्दी में किया। उन्होंने हिन्दी को 'आर्यभाषा' शब्द से अभिहित किया ।

जो लोग महर्षि के सच्चे अनुयायी बने, वे आजीवन हिन्दी के प्रचार-प्रसार में रत रहे और प्रतिष्ठित हुए। ऐसे ही हिन्दी के एक महान् उपासक श्री प्रह्लाद रामशरण जी का नाम देश-विदेश में गर्व से लिया जाता है। मंगलवार १ अगस्त २०१७ को नई दिल्ली स्थित, हिन्दी भवन के सभागार में उन्हें बीसवाँ 'हिन्दी रत्न' सम्मान दिया गया। उस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार प्रह्लाद रामशरण जी ने जो भाषण दिया, वह हम अपने पाठकों के लाभार्थ प्रस्तुत करते हुए आर्य सभा की ओर से उन्हें अशेष बधाई देते हैं ।

डॉ० उदय नारायण गंगू
मुख्य सम्पादक

प्रह्लाद रामशरण जी का व्याख्यान

माननीय संस्कृति एवं पर्यटक मंत्री, डॉ० महेश शर्मा जी, महामहिम श्री जगदीश्वर गोवर्धन, मॉरिशस के हाई कमिश्नर, सम्मानीय कर्नाटक के पूर्व राज्यपाल एवं अध्यक्ष, हिन्दी भवन, श्री त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी जी, समारोह के अध्यक्ष, मित्रवर डॉ० कमल किशोर गोयनका जी, हिन्दी भवन के मंत्री डॉ० गोविन्द व्यास जी, समारोह में पधारे मित्रगण, सभागार में उपस्थित – विद्वान्-विदुषी समुदाय, भाइयो और बहनो ।

हिन्दू भवन ने, लघु भारत, मॉरिशस के एक सुपुत्र को 'हिन्दी रत्न सम्मान' से नवाज कर जो गरिमामय कार्य किया है, उसके लिए मैं उन्हें अपने परिवार की ओर से और मॉरिशस के समस्त हिन्दी प्रेमियों की ओर से हार्दिक धन्यवाद समर्पित करता हूँ। भारत की राजधानी की इस प्रतिष्ठित संस्था ने मुझे यह सम्मान देकर, भारत और मॉरिशस के संबंधों की माला में एक पुष्प गुँथा है, जिसकी सुगंध और सौन्दर्य से विश्व का हिन्दी जगत् सुवासित हुआ है।

आगे बढ़ने से पहले मैं, अपने स्वर्गीय शिवोपासक पिताजी, जिनसे मैंने कठोर परिश्रम करना सीखा, मेरी स्वर्गीय सूर्योपासक माताजी, जिनकी भक्ति का प्रभाव मुझ पर पड़ा है और अपने अठानवें वर्षीय जीवित गुरुजी के प्रति मैं नत्मस्तक हूँ, जिनके बदौलत मैं आप सबके बीच खड़ा हूँ ।

आज से अस्सी साल पहले मॉरिशस के एक छोटे से ग्राम में जहाँ न नाई न दर्जी, न पंसारी की दुकान थी, मेरा जन्म एक निर्धन परिवार में हुआ था। वहाँ केवल एक सार्वजनिक नल था और उसी के पास आर्यसमाज की 'एक बैठक' जहाँ शाम के समय हिन्दी पढ़ाई जाती थी और उसी में मैंने स्वर, व्यंजन और बारह खड़ी सीखी थी। वहाँ से पाँच-छह किलोमीटर की दूरी पर था सरकारी स्कूल, जहाँ हिन्दी नहीं, अंग्रेज़ी, फ्रेंच, भूगोल और गणित, क्रियोली माध्यम से पढ़ाई जाती थी, जो हमारी समझ से परे की बात थी। इसीलिए एक ही कक्षा में दो-दो साल बिताने पड़ते थे। बारह साल की उम्र में परिवार ने ग्राम बदला । हम बृज़े-वेर्जेर के निवासी हुए, जहाँ मैंने सोलह साल की उम्र में छठी की। मैं आगे पढ़ना चाहता था, किन्तु फीस न चुका पाने के कारण, मुझे माध्यमिक शिक्षा से वंचित रखा गया । मैंने निराश और नाराज़ होकर घर छोड़ दिया। भारत होता तो घर नहीं लौटता, किसी आश्रम में चला गया होता। एक पहाड़ की गुफ़ा के बगल की चट्टान से जलधारा निकल कर नदी बनती है। उसी जलधारा में सूबह-शाम स्नान करके गायत्री मंत्र का जाप करता और इसी तरह से एक सप्ताह तक फल और गन्ने का रस चूस कर बिताया, तब कहीं जाकर आत्म-बोध हुआ — *"माँ-बाप पढ़ा तो नहीं सकते, किन्तु एक मुट्ठी आहार प्रतिदिन देते हैं।"* बस, एक सप्ताह बाद, आधी रात को मातमी गृह का दरवाज़ा खटखटाया। बिलखती हुई माँ ने मुझे गोद में भर लिया । एक सप्ताह से घर में चूल्हा न जला था। एक ममेरे भाई ने मेरे गायब होने की सूचना अखबार में दे दी थी, जो - चालीस साल बाद, शोध करते समय मेरी आँखों के सामने आ गई थी।

इस घटना के बाद मैं, सड़क निर्माण विभाग में दिनभर पत्थर तोड़कर सड़क की मरम्मत करता रहा, साथ-साथ ग्राम के एक सज्जन से हिन्दी का ट्यूशन लेता रहा। १९५५ में मैंने साहित्य सम्मेलन, प्रयाग द्वारा आयोजित 'परिचय' परीक्षा उत्तीर्ण की और 'प्रथमा' की तैयारी करने लगा। १९५६ के अंत में परिवार ने पुनः ग्राम बदला । हम राजधानी पोर्ट लुई के पास 'वाले दे प्रेत' ग्राम के वासी हुए। १९५७ में मेरे जीवन में एक मोड़ आया । दिन में मज़दूरी करता और शाम को एक शाला में बालक-बालिकाओं को हिन्दी पढ़ाना शूरू किया। कुछ समय बाद, वहीं के दूसरे ग्राम में एक आर्यसमाज बनाया और उसी की शाला में हिन्दी सिखाता रहा। किन्तु हिन्दी, अंग्रेज़ी और फ्रेंच का

ट्यूशन जारी रखा। इस तरह से १९६४ में, मैं सरकारी स्कूल के लिए छात्राध्यापक चुन लिया गया और तब हिन्दी के प्रकाण्ड विद्वान्, प्रोफ़ेसर रामप्रकाश से प्रशिक्षण पाकर १९६५ से सरकारी स्कूल में अध्यापन करने लगा। पाँच वर्षों तक अध्यापन के साथ-साथ स्कूल सर्टिफिकेट की पढ़ाई जारी रखी, क्योंकि इसी के जरिए विश्वविद्यालय की पढ़ाई में दाखिला मिल सकता था। इसी समय से मेरा छोटा-मोटा लेख आर्योदय और कांग्रेस पत्रों पर छपने लगा था।

१९६८ में आर्यसभा द्वारा आयोजित एक निबंध प्रतियोगिता में पुरस्कृत हुआ और इसी से जुड़ी शोध सामग्री से आर्यसमाज पर मेरी प्रथम पुस्तक अंग्रेज़ी में प्रकाशित हुई । १९६९ में महात्मा गांधी जन्म शताब्दी के अवसर पर नई दिल्ली के अंतर्राष्ट्रीय सहयोग परिषद् द्वारा आयोजित निबंध प्रतियोगिता में पुरस्कार ग्रहण करने हेतु जुलाई १९७० में भारत आया । दिल्ली के मावालंकर भवन में रेल मंत्री गुलजारीलाल नंदा के हस्त से पुरस्कार लेकर, वेंकटेश्वर कालेज में बी.ए. का छात्र बना । चूँकि मैं चौंतीस वर्ष की उम्र में १७-१८ साल के भारतीय छात्र-छात्राओं के साथ बी.ए. कर रहा था, फिर उन तरुण 'सहपाठियों के कार्यकलापों' से उठकर, उन तीन वर्षों में मैंने बहुत कुछ किया। मसलन, मेरे हिन्दी प्राध्यापक हीरा बल्लभ तिवारी और मित्र राजेन्द्र अरूण के सहयोग से मेरे लेख, दैनिक हिन्दुस्तान, वीर अर्जुन, सार्वदेशिक, साप्ताहिक हिन्दुस्तान, आर्यमित्र, गांडीव एवं पांचजन्य में प्रकाशित होने लगे थे। इसके अतिरक्त भारत के विदेश मंत्रालय के हिन्दी अधिकारी, बच्चू प्रसाद सिन्हा से प्रेरणा और सहयोग पाकर मेरी प्रथम हिन्दी पुस्तक – 'मॉरिशस की लोक कथाएँ' का प्रकाशन १९७४ में राजपाल एण्ड संस द्वारा संभव हो पाया था।

यह पुस्तक मैंने बी.ए. की पढ़ाई करते समय लिखी थी। किन्तु इसके प्रकाशित होते ही लेखक के रूप में मेरी प्रसिद्धि स्थापित हो गई थी, क्योंकि भारत के यशपाल जैन, कौटिल्या उदियानी, गिरिराज किशोर और मॉरिशस के मुनीश्वरलाल चिंतामणि, सोमदत्त बखोरी और राजेन्द्र अरूण आदि ने इसकी भूरि-भूरि प्रशंसा की थी। यही नहीं १९७५-७६ में उत्तर प्रदेश की सरकार के शिक्षा विभाग से इसी पुस्तक पर मुझे 'साहित्यिक विविधा पुरस्कार' के साथ-साथ एक हज़ार रुपये भी प्राप्त हुए थे। और १९७९ (उनासी) में जर्मनी की विदुषी महिला, डॉ० मरगोत गातलाफ़ ने जर्मन भाषा में 'मॉरिशस की लोक कथाएँ' का अनुवाद करके मुझे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का लेखक बना दिया । इसके अलावा मेरे तीन वर्षों के दिल्ली प्रवास के समय से मेरा घनिष्ठ संबंध निम्नलिखित विद्वानों के साथ बन गया था, जिनमें थे सर्वश्री राजेन्द्र यादव, यशपाल जैन, गिरिराज किशोर, मनोहर श्याम जोशी, क्षितिश वेदालंकार, हिमांशु जोशी, ओमप्रकाश त्यागी और वैद्यनाथ शास्त्री आदि । आगे चलकर जैनेन्द्र कुमार, प्रभाकर माचवे और विष्णु प्रभाकर के साथ भी मेरा घनिष्ठ संबंध बन गया था।

नई दिल्ली से बी.ए. करके लौटा तो मॉरिशस के सबसे प्रतिष्ठित विद्यालय 'रायल कालेज, क्यूरपीप में हिन्दी का शिक्षाधिकारी बना और छात्रों को हिन्दी पढ़ाने लगा । यह विद्यालय सदियों से पाश्चात्य संस्कृति का गढ़ बन गया था। यहाँ अंग्रेज़ी, फ्रेंच, ग्रीक, लैटिन के अलावा कुछ पढ़ाई नहीं जाती थी। वह भी फ्रेंच और अंग्रेजी माध्यम से यहाँ क्रियोली अथवा भारतीय भाषाओं का प्रयोग वर्जित था। ऐसे प्रतिकूल वातावरण में मैंने इस विद्यालय में हिन्दी का प्रवेश करवाया था। यह ऐतिहासिक इसलिए था, क्योंकि जब मैं शुद्ध हिन्दी का प्रयोग कक्षाओं में करता था तब अध्यापक और छात्रगण बाहर खड़े होकर मुझे सुना करते थे। शुरू में हिन्दी अध्यापकों को बुरी नज़र से देखा जाता था। यह इसलिए कि आगे चलकर, हिन्दी ने उस विद्यालय से ग्रीक और लेटिन को विस्थापित किया था। और यदि हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेज़ी और फ्रेंच में मेरी योग्यता नहीं होती तो मैं उस विद्यालय में टिक नहीं पाता। किन्तु सतत अध्ययन, अध्यापन और लेखन के बल पर मैंने रॉयल कालेज में २३ वर्षों तक अध्यापन किया और १९९७ में जब मैंने अवकाश ग्रहण किया, तब मेरे प्रकाशित ग्रन्थों की संख्या ३० थी।.....

अपने वक्तव्य को विश्राम देने से पहले, यह बताना उचित होगा कि १९९९ में मेरे तीन ग्रंथों का एक साथ लोकार्पण साहित्य अकादमी में और २००८ में इसी सभागार में मेरे ऊपर लिखी गई पुस्तक 'पहलाद रामशरण, इतिहासवेता और साहित्य मर्मज्ञ' का लोकार्पण, हिन्दी के भागीरथ विद्वानों के मध्य में सम्पन्न हुआ था। मॉरिशस के ऐसे प्रतिकूल वातावरण में जहाँ आज भी छह दैनिक, छह साप्ताहिक फ्रेंच में निकल रहे हैं और जहाँ हिन्दी का न कोई दैनिक, न साप्ताहिक निकल पा रहे हों, वहाँ की मेरी हिन्दी सेवा को ध्यान में रखकर हिन्दी भवन और उनके अधिकारियों ने इस चिरस्मरणीय समारोह में मुझे 'हिन्दी रत्न सम्मान' देकर, मेरे कंधों पर हिन्दी के प्रचार-प्रसार का उत्तरदायित्व और बढ़ा दिया है।

आप सब ने मेरे वक्तव्य को ध्यान से श्रवण किया, इसके लिए आप सबको बहुत-बहुत धन्यवाद।

कहानी

जिज्ञासा

लीलामणी करीमन, एम.ए., वाचस्पति

ऋजु १२ साल का हो चुका है। माता-पिता को दिवाली त्योहार की विशेष तैयारियाँ करते हुए देखकर उसके मन में इसके बारे में अधिक जानने की इच्छा जागरित हुई ।

आँगन की सफ़ाई में ऋजु पिता का हाथ बटा रहा है। उसने पिता से पूछा – "पिता जी ! हम दिवाली क्यों मनाते हैं ?"

बेटे की जिज्ञासा देखकर पिता ने प्रसन्नतापूर्वक समझाना आरम्भ किया – बेटे ! दिवाली मनाने के अनेक कारण हैं। पहला कारण तो यह है कि यह त्योहार कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है। साल भर के बारह अमावस्याओं में से यह सबसे अधिक अन्धकारमयी रात्रि की अमावस्या होती है। लोग करोड़ों दीप जलाकर इस घनघोर-अन्धकारमयी रात्रि को पूर्णिमा की रात के रूप में बदल देते हैं। रोशनी करके हम दिवाली मनानेवाले ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि जिस प्रकार रात के अन्धेरे को हरने के लिए हम दीपक जला रहे हैं; उसी प्रकार हमारे अन्दर में जो असत्य-अज्ञान का अन्धकार है, वह सत्य के ज्ञान से दूर हो जाए; और फिर हम सत्य को अपनाकर अच्छे कर्मों में लगे रहें – **असतो मा सद्गमय । तमसो मा ज्योतिर्गमय । मृत्योर्माऽमृतं गमय ।**

ऋजु को दिवाली के संबंध में आगे बताते हुए, उसके पिता जी कहते हैं – "बेटे ! जब कोई त्योहार आता है, तब वह कोई-न-कोई सन्देश लेकर आता है । दिवाली के अवसर पर मिठाइयाँ बाँटने की प्रथा है । अतः परिवार, समाज तथा आस-पास के बीच मिठाइयाँ बाँटकर हम उनके प्रति प्रेम और एकता का हाथ बढ़ाते हैं। इस दिन यदि हमारे अन्दर किसी के प्रति शत्रुता की भावना है तो हम उसे भुलाकर उससे प्रेम के साथ मिलते हैं। मिठाई देकर उसके प्रति प्रेम का व्यवहार करने का संकल्प लेते हैं ।"

ऋजु – "पिता जी, आज मैं भी अपने मित्रों को मिठाई देने जाऊँगा ।"

पिता जी – "अवश्य जाना बेटे । उन सभी को प्रेम मिठाई खिलाना ।"

ऋजु - "पिता जी, दिवाली के साथ राम की कथा भी जुड़ी हुई है न !"

पिता जी – "तुमने सही कहा बेटे ! हर त्योहार के साथ किसी-न-किसी महापुरुष के जीवन की कोई घटना जुड़ी होती है, ताकि हम उस महापुरुष को याद करके उसके गुणों को अपनाने का प्रयास करते रहें ।"

यद्यपि श्रीराम दीपावली के अवसर पर अयोध्या नहीं लौटे थे, तथापि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का नाम दीपावली से जोड़ दिया गया है । जिस दिन श्री राम, लक्ष्मण और सीता माता १४ वर्ष वनवास के बाद अयोध्या लौटे, उस दिन उनके स्वागत में अयोध्यावासियों ने अयोध्या नगर की गली-गली में दीपों की आवलियाँ सजाकर श्री राम के आने के मार्गों को प्रकाशित किया था। अब हर वर्ष दिवाली की रात को जनता इस घटना को जब याद करते हैं, तब उनके सामने रामायण की कथा आ जाती है; और फिर उनके गुणों को अपनाने की कोशिश करते हैं।

इसी प्रकार महर्षि दयानन्द सरस्वती ने दिवाली की रात को स्वेच्छापूर्वक अपने प्राण त्यागे; और हम हर साल दिवाली की रात को 'ऋषि-निर्वाण' मनाते हैं। उनके बताए मार्ग पर विचार करते हैं । उन्होंने हमें सत्य का मार्ग-दर्शाया है। सत्य का मार्ग वेद-मार्ग है। वेद-मार्ग पर चलकर हम अच्छे मानव बन सकते हैं। अच्छा मानव बनने के लिए हमें वेद का ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। वेद के ज्ञान से हम परोपकारी, सदाचारी, पराक्रमी, पुरुषार्थी, धार्मिक और साद्विक विचार वाले बनेंगे । हमारे अन्दर दूसरों के प्रति अच्छी-अच्छी भावनाएँ विद्यमान होंगी । हमारे बहुत सारे मित्र होंगी। लोग हमारे व्यवहार से, हमारे आचरण से प्रसन्न होंगे ।

ऋजु – *'पिता जी, मैं भी सत्य के मार्ग को अपनाऊँगा, वेद का ज्ञान प्राप्त करूँगा, महर्षि दयानन्द की तरह समाज की सेवा करूँगा, राम की तरह आज्ञाकारी पुत्र बनूँगा ।'*

प्रकाश का प्रतीक : दीपावली

पंडिता अन्जनी महिपत, वाचस्पति

ओ३म् ज्योतिर्यज्ञस्य पवते मधुं प्रियं पिता देवानां जनिता विभूवसुः
दधाति रत्नं स्वद्ययोरपीच्यं मदिन्तमो मत्सरः इन्द्रियोरसः ।।

यह मन्त्र ऋग्वेद के नौवें मंडल के छियासीवें सूक्त का दसवाँ मन्त्र है ।

शब्दार्थ – वह परमात्मा **यज्ञस्य** – यज्ञ की, **ज्योतिः** - ज्योति है, **मधुं** - वह आनन्द स्वरूप है, **प्रियं पवते** - जो उससे प्रेम करते हैं, वह उन्हें पवित्र करता है, **देवानां** - लोक-लाकान्तरों का, **पिता** - पालन करनेवाला, **जनिता** - उत्पन्न करनेवाली माता है, वह परमात्मा **विभूवसुः** – अत्यन्त ऐश्वर्य वाला है, **दधाति** - धारण करता है, **स्वधयोरचीच्यं** - **द्यावा** - पृथ्वी के अन्तर्गत, **रत्नं** - रत्नों को, **मदिन्तमः** - वह आनन्दस्वरूप है। **मत्सर** - सबको आनन्द देनेवाला और **इन्द्रियः** - ऐश्वर्ययुक्त है, **रसः** - आनन्दस्वरूप है।

भावार्थ – *वह परमात्मा यज्ञ की ज्योति है । वह सृष्टि और रत्नों को धारण करनेवाला ऐश्वर्ययुक्त है। वह आनन्दस्वरूप विधाता और निर्माता है।*

हिन्दू-परिवार अपना उत्साह और उमंग व्यक्त करने के लिए विभिन्न पर्व मनाते हैं। इन पर्वों में दीपावली सर्वप्रिय, महान् और पावन है। दीपावली प्रकाश का पर्व है। प्रकाश सब जीवों को प्रिय है। दीपावली कार्तिक अमावस्या को बड़े भव्य रूप से और राष्ट्रीय स्तर पर मनाई जाती है। कहा जाता है कि दीपावलीवाला कार्तिक अमावस्या का अन्धकार सबसे घना होता है । अतः दीपावली अन्धकार पर प्रकाश की विजय का पर्व है।

हिन्दू-समुदाय परंपरा के अनुसार दीपावली में छोटे-छोटे दीपों को आवलियों में सजाकर प्रज्वलित करते हैं और बिजली के रंगीन बल्बों से घर-आँगन सजाते हैं। जिस प्रकार जगमगाते सितारों से नील-गगन सुशोभित होता है, उसी प्रकार जगमगाते दीपों और बिजली के रंगीन बल्बों से घर-आँगन और यह धरा सूसजित और सुशोभित हो उठती है। आँखों को चौंधिया देनेवाली दीपों की ज्योति और रंगीन बल्बों की ज्योति तो बाहर की ज्योति है, जो चंद घण्टों के लिए पर्व मनानेवाले लोगों को आनन्द और उमंग प्रदान करती है। यह सही है, परन्तु वास्तव में सच्चा आनन्द तो अन्दर की पवित्रता और प्रकाश से प्राप्त होता है । जिस प्रकार सफ़ाई करके घर-आँगन और गली को पवित्र करते हैं, उसी प्रकार प्रेम-जल से हम मन का मैल धोकर उसे पवित्र करें और भेद-भाव को भूलकर हित-मित्र और पड़ोसियों को मिठाई का आदान-प्रदान कर प्रेम का विस्तार करें और सच्चा सुख प्राप्त करें। प्रेम भी प्रकाश है और मिठाई मिठास का प्रतीक है। इस प्रेम-प्रसार की प्रक्रिया में हम परमात्मा को न भूलें। मन्त्र कहता है – **पवते प्रियं** – अर्थात् जो परमात्मा से प्रेम करते हैं, परमात्मा उन्हें पवित्र करता है। वास्तव में परमात्मा का प्रेम ही पावन और शाश्वत होता है ।

मानव जीवन में बाह्य और आन्तरिक प्रकाश अत्यन्त महत्वपूर्ण है। प्रकाश जीवन है। प्रकाश के बिना जीवन धारण नहीं किया जा सकता । नील-गगन में कभी न बुझनेवाला सूर्यरूप विशाल दीपक का अनुपम प्रकाश हमें जीवन प्रदान करता है। प्रातःकाल उदय होते ही सूर्य की किरणें समस्त जीवों में प्राण फूँक देती हैं। सूर्य का प्रकाश परमात्मा-प्रदत्त अनोखा वरदान है। ईश ने सूर्य के प्रकाश के साथ-साथ रात्रि का अन्धकार भी उत्पन्न किया है, जिससे सृष्टि का सन्तुलन बना रहे रात्रि का अंधकार उतना भयानक नहीं होता, जितना असत्य, अविद्या, अज्ञान और अन्धविश्वास का अन्धकार इस दुखदायी अन्धकार ने मनुष्य को अपनी लपेट में जकड़ रखा है । इस अन्धकार के कारण मन में काम-क्रोध, मोह, लोभ अहंकार, ईर्ष्या, छल-कपटरूपी महानुभाव छिपे हैं। मन के इस अन्धकार को दूर कर कैसे उन महाशत्रुओं का दमन किया जाय ? उत्तर मिलता है कि सत्य के प्रकाश से । मनु महाराज का कथन है कि **मनः सत्येन शुद्धयति** – अर्थात् सत्य से मन शुद्ध होता है। परमात्मा सत्यस्वरूप है । मन में परमात्मारूप सत्य के प्रकाश से मन का अन्धकार दूर होगा और सत्य के प्रखर प्रकाश से ही उन महाशत्रुओं का दमन होगा ।

परमात्मा ने हमारे अन्तःकरण में सबसे अच्छी और महत्वपूर्ण चीज़ बुद्धि दी है । बुद्धि पर जब अज्ञान का अन्धकार छाया रहता है, तब कोई भी कार्य ढंग से नहीं होता। बुद्धि हमारे शरीररूपी रथ का कुशल सारथि है । बुद्धि पर छाये अज्ञान का अन्धकार ज्ञान के प्रकाश से ही मिट सकता है। मनु महाराज का कथन है कि बुद्धिर्ज्ञानेन शुद्धयति – अर्थात् बुद्धि ज्ञान के प्रकाश से प्रकाशित होकर शुद्ध होती है ।

सत्य-ज्ञान का प्रकाश ही सर्वोत्तम प्रकाश है । सत्य-ज्ञान के प्रकाश से ही बुद्धि प्रखर और तेज होती है। उस प्रभु ने वरदान-स्वरूप वेद के सत्यज्ञान का प्रकाश प्रदान किया है । उस सत्यज्ञान को अग्नि, वायु, आदित्य और अंगिरा इन चार पुण्यात्मा ऋषियों ने मानव तक पहुँचाया । इस आधुनिक काल में महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने परमात्मा-प्रदत्त वेद के सत्यज्ञान का प्रकाश फैलाने में अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया, और सौभाग्य से दीपावली के अवसर पर दीपों के प्रकाश में उन्हें निर्वाण प्राप्त हुआ । अन्य ज्ञानी और वेद-विद् गण उपदेशक के

रूप में भटके हुए मनुष्यों को अपनी वाणी के प्रकाश से वेद-ज्ञान के प्रकाश से सही दिशा में मार्ग-दर्शन कर रहे हैं।

मन पर असत्य और बुद्धि पर अज्ञान का अन्धकार आच्छादित होने से मन और बुद्धि मलिन हो जाती है, तब आत्मा रूपी दर्पण पर उस मलिनता की धूल को वह पैठ जाती है। उस आत्मा रूपी दर्पण की धूल को कैसे हटाया जाय ? मन्त्र कहता है कि **'ज्योतिर्यज्ञस्य'** – अर्थात् परमात्मा यज्ञ की ज्योति है। जब यज्ञकर्ता श्रद्धा-भक्ति से परमात्मा रूप यज्ञ की ज्योति को नित्य यज्ञ करके धारण करता है, तब उसकी आत्मारूपी दर्पण उस ज्योति से परिष्कृत और चमत्कृत हो उठता है। श्रद्धा-भक्ति उस प्रिय प्रभु के प्रति अनुराग की भावना है । अतः भक्त-गण की आत्मा श्रद्धा-भक्ति के प्रकाश से प्रकाशित और शुद्र होती है। योगी-गण जब योग-साधना में लीन होकर योग के अन्तिम सोपान समाधि तक पहुँचते हैं, तब **योगश्चितवृत्तिनिरोधः** – अर्थात् योग से योगी की चित्त-वृत्तियों का निरोध हो जाता है और आत्म-ज्ञान के प्रकाश से उनकी आत्मा प्रकाशित होकर अपने स्वरूप में आ जाती है । आत्मा समस्त दुखों से मुक्त होकर अमृत-सुख प्राप्त कर लेती है। मनु महाराज का कथन है कि **विद्या वपोभ्यां भूतात्मा** – अर्थात् विद्या और तप से आत्मा शुद्ध होती है। विद्या के प्रकाश से आत्मा शुद्ध होकर चमकती है।

दीपावली प्रकाश का प्रतीक है। प्रकाश का पर्व है । दीपक और बिजली के बल्बों की बाहरी ज्योति जगाने में दीपावली की सार्थकता नहीं है । बाह्य प्रकाश के साथ-साथ मन में प्रेम, सत्य की, बुद्धि में ज्ञान की और आत्मा में यज्ञ, तप, विद्या और श्रद्धा-भक्ति की ज्योति जगाने में दीपावली सार्थक सिद्ध होती है । दीपावली हमें यह शुभ संदेश देती है ।

महर्षि दयानन्द के वेद-भाष्य

पंडित धर्मेन्द्र रिकाय, आर्य भूषण

जहाँ तक वेद भाष्य का सम्बन्ध है, महर्षि दयानन्द जी चारों वेदों का भाष्य नहीं कर सके थे। सामवेद और अथर्ववेद का भाष्य वे कर ही नहीं सके और ऋग्वेद का भी सम्पूर्ण भाष्य उनके द्वारा नहीं किया जा सका । चार वैदिक संहिताओं में केवल यजुर्वेद का वे भाष्य पूरा कर सके थे। ऋग्वेद में १० मण्डल और १०,५५२ मन्त्र हैं, जिनमें महर्षि जी सप्तम मण्डल के बासठवें सूक्त के द्वितीय मन्त्र तक का ही भाष्य कर पाये थे। ऋग्वेद के १०,५५२ मन्त्रों में से केवल ५,६४९ मन्त्रों का ही महर्षि जी ने भाष्य किया । ऋग्वेद भाष्य सन् १८७८ के मध्य में मासिक रूप से मुद्रित होकर प्रकाशित होना प्रारम्भ हो गया था, और स्वामी जी के जीवन काल में उसके केवल ५१ अंक ही प्रकाशित हुए थे। शेष भाष्य बाद में मासिक रूप से छपता रहा । यजुर्वेद भाष्य का मुद्रण भी ऋग्वेद के भाष्य के साथ-साथ ही मासिक अंकों के रूप में प्रकाशित होना प्रारम्भ हो गया था। वह कुल ११७ अंकों में छपा और उसका मुद्रण १८८९ इस्वी में पूरा हुआ । यजुर्वेद भाष्य भी स्वामी जी के जीवन काल में पूरा नहीं छप सका था।

स्वामी जी ने ऋग्वेद भाष्य भूमिका की रचना १८ अगस्त, १८७६ को तब प्रारम्भ की थी, जब कि वे अयोध्या में निवास कर रहे थे। तीन मास के लगभग समय में उन्होंने यह अत्यन्त महत्वपूर्ण ग्रन्थ लिखकर समाप्त कर दिया था, जो उनकी असाधारणता का प्रतीक था, विद्वत्ता तथा कार्य-क्षमता के कारण ही यह सम्भव हुआ था। अनेक नगरों में घूमते हुए, उन्होंने ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका के कार्य को जारी रखा। १८७७ के प्रारम्भ में इस ग्रन्थ को मुद्रण के लिए लाजरस प्रेस काशी में भेज दिया गया, जहाँ उसके चौदह अंक प्रकाशित हुए । शेष दो अंक बम्बई के निर्णय सागर प्रेस द्वारा छापे गए । 'ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका' संस्कृत और हिन्दी दोनों भाषाओं में है । स्वामी जी ने स्वयं उसका संस्कृत भाग लिखा। उसका हिन्दी भाग पंडितों द्वारा संस्कृत से अनुवाद के रूप में लिखा गया ।

वेदों के भाष्य के सम्बन्ध में स्वामी जी ने जो कार्य किया, ऐतिहासिक दृष्टि से उसका बहुत अधिक महत्व है। वेदों के अर्थ को जन साधारण की भाषा में प्रकट करना एक क्रान्तिकारी पत्र था। अब तक यह समझा जाता था, कि वेद पढ़ने का अधिकार केवल ब्राह्मणों को ही है। शूद्रों के लिए तो उनका सुनना तक भी मना था। पर स्वामी जी ने यह प्रतिपादित किया, कि मनुष्य मात्र को वेद पढ़ने का अधिकार है। इसकी पुष्टि के लिए उन्होंने यजुर्वेद का यह मन्त्र प्रस्तुत किया – **यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः ।**
ब्रह्मराजन्याभ्यां शूद्राय चार्याय च स्वाय चारणाय ।।

इस मन्त्र का विशद् रूप से अर्थ कर स्वामी जी ने अपने मन्तव्य को इस प्रकार प्रकट किया – *"क्या परमेश्वर शूद्रों का भला नहीं चाहता? क्या ईश्वर पक्षपाती है कि वेदों को पढ़ने-सुनने का शूद्रों के लिए निषेध और द्विजों के लिए विधि करे ? जैसे परमात्मा ने पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, चन्द्र, सूर्य और अन्नादि पदार्थ सबके लिए बनाये हैं, वैसे ही उन्होंने वेद भी सब के लिए प्रकाशित किये हैं।"*

पर सब के लिए वेदों को पढ़ सकना तभी सम्भव हो सकता है, जब कि वे जन-साधारण की भाषा या भाषाओं में भी प्राप्त हों । स्वामी जी प्रथम व्यक्ति थे, जिन्होंने इसके लिए प्रयत्न किया । उनसे पूर्व किसी भी भारतीय विद्वान् ने हिन्दी, गुजराती, बंगला आदि भारतीय भाषाओं में वेदों का अनुवाद नहीं किया था। इस कारण संस्कृत न जानने वाले सर्वसाधारण लोगों के लिए तो वेदों को पढ़कर समझना सम्भव नहीं था।

शिक्षा-प्रचारक महर्षि दयानन्द

पण्डिता विद्वन्ती जहाल, वेद-पाठी

आर्यसमाज के संस्थापक, वेदोद्धारक महर्षि दयानन्द सरस्वती का आविर्भाव जिन विषम परिस्थितियों में हुआ था, उस समय देश अंग्रेज़ों की क्रूर-कूटनीति का शिकार बना हुआ, दासता के गहरे गर्त में पड़ा, निराशा के भँवरों में डूबा जा रहा था । स्वकीय उत्कर्ष की संस्कृति एवं सभ्यता से दूर बहाया जाकर, लार्ड मैकोले की घातक शिक्षा नीति के चंगुल में फँसा परतन्त्रता की बेड़ियों में जकड़ा हुआ, निरीह पशुओं की भाँति मूक रूदन कर रहा था।

भारत की जनता अपनी संस्कृति एवं सभ्यता को सर्वथा विस्मृत कर पाश्चात्य सभ्यता एवं शिक्षा को ही चरम लक्ष्य मानकर भारतीयता से दूर होती जा रही थी। वेदादि षट्-शास्त्रों को हेय दृष्टि से त्याज्य मान भूली थी और अंग्रेजों की कुटनीति के दासत्व जाल में उलझती जाकर अहोभाग्य मान रही थी। महर्षि ने सच्चे गुरु, प्रज्ञा चक्षु, दण्डी स्वामी विरजानन्द महाराज जी के श्री चरणों में बैठकर स्वकीय ज्ञान, सूर्य को वैदिक रश्मियों से सुसज्जित कर देश को झकझोड़ कर जागृत किया कि – हे भोले भारतवासियो ! तुम किस गर्त में गिरने जा रहे हो, अपने आपको पहचानो, और दासता की बेड़ियों को तोड़ फेंको। अपनी भाषा और वेश-भूषा के महत्व को स्मरण करो, अपने अतीत के गौरवपूर्ण इतिहास को आदर्श मानो। देखो कि ये किस प्रकार से तुम्हारी अविद्यामयी दुर्दशा का लाभ उठाकर तुम्हें देश के गौरव, संस्कृति, सभ्यता तथा भारतीयों से दूर बहाए ले जा रहे हैं। तुम्हारे धर्म को असभ्यता का मूर्तिमान परिचायक प्रदर्शित कर तुम्हें विधर्मी बना रहे हैं। यदि यह क्रम चलता रहा और तुम सोते रहे तो निश्चयतः एक न एक दिन भारतवर्ष से आर्यों का नाम मिट जाएगा । ऋषियों की यह भूमि अपने पूर्वजों के नाम तक को विस्मृत कर बैठेगी ।

आज हमारे देश को भी ऐसा ही खतरा है। लोग ज़ोर-शोर से विधर्मी बन रहे हैं। इसका कारण है, लोगों की अज्ञानता, अविद्या और लालचपन ।

महर्षि दयानन्द ने अपने कालजयी ग्रन्थ सत्यार्थ-प्रकाश के तृतीय समुल्लास में शिक्षा-प्रणाली विषय में सह-शिक्षा (co-education) का विरोध किया है। महर्षि दयानन्द की शिक्षा-विधि के मूल तत्व और वस्तुतः शिक्षा के आधार-स्तम्भ पर अभी तक सभ्य संसार में यथोश्चित बल नहीं दिया गया है। महर्षि की शिक्षा प्रणाली यह थी कि लड़की के लिए व्यवस्था अलग हो।

महर्षि ने कहा – *"घर के परिवार में एक भी बच्चा अशिक्षित न रहे, अपितु जिस परिवार में बच्चे को पाठशाला न भेजा जाय, उस परिवार को दण्ड दिया जाए ।"*

आज हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे इस छोटे से देश में महर्षि दयानन्द का यह आदेश लागू है। नारी भी शिक्षित एवं उच्च शिक्षा पाकर बड़ी-से-बड़ी ज़िम्मेदारी सम्भालते हुए पुरुषों के साथ कँधे-से-कन्धा मिलाकर उन्नति मार्ग पर आगे बढ़ रही हैं। आज देश में शिक्षा-सुविधा भरपूर है। विदेश जाने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन खेद की बात यह है कि इतने शिक्षित होते हुए भी हमारे लोग विधर्मी बन रहे हैं। क्या परमात्मा ने स्वजाति में जन्म देकर गलती की ? उन धर्मों के लोगों का खून अलग है? वैदिक धर्म से शुद्ध और पवित्र कौन-सा धर्म है? यहाँ तक हमारे जवान जो हमारे उज्ज्वल भविष्य के सैनिक हैं, परिवार और समाज की मज़बूत नींव हैं, मेरूदण्ड हैं, नशाखोरी शराब, क़द्धद्वढ़द्म की बुरी लत में जकड़े जा रहे हैं। इस दलदल में इतने फंस चुके हैं, जहाँ से निकलना कठिन है, पर असम्भव नहीं । आर्यसभा की अनेक संस्थाएँ हैं, जहाँ पर ऐसे लोगों को सेवा प्रदान की जाती है ।

नशाखोरी तथा शराब की बेहोशी में वे माँ-बहनों की पहचान नहीं कर पा रहे हैं। हमारी माँ-बहनें जिनको नारी-शक्ति, मातृशक्ति से सम्बोधन किया जाता है – वे लोग बुरी निगाहों से बची नहीं हैं। बलात्कार का शिकार, बेरहमी से उनका कत्ल किया जा रहा है। क्या यही है शिक्षा का आधार ?

आज स्कूल, कालेज और यूनिवर्सिटी से प्राप्त हुई शिक्षा को ही लोग सत्यविद्या मान बैठे हैं। सत्यविद्या हमें आध्यात्मिकता की ओर ले जाने वाली होती है। हमें सही दिशा का निर्देश देते हुए, हमें मानवता का पाठ पढ़ाती है, जिससे हम गलत और सही को परखकर कर्म करने में सक्षम होते हैं।

हे दयानन्द के सपूतो ! हम दीपावली पर्व के साथ ऋषि-निर्वाण भी मनाते हैं। दीपावली का सन्देश यह है कि लोगों को अज्ञान-अन्धकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश में हम आएँ । निर्वाण का सन्देश है कि यह दुनिया मृत्युलोक है। साधारण मनुष्य को मृत्यु प्राप्त होती है। असाधारण लोग महान् आत्मा वाले हैं, उनको निर्वाण प्राप्त होता है। हमें महर्षि के निर्वाण पर शोक नहीं करनी चाहिए। **तत्र को मोह कः शोक एकत्वमनुपश्यतः ।** महान्, असाधारण लोगों के लिए न मोह, न शोक, बल्कि उनके कहे गए वचनों का पालन करना, उसको कर्म में परिणत करना है। उनके बताये हुए मार्ग पर चलते हुए आगे बढ़ना है।

महर्षि ने देश की प्रमुख एवं भूली-भटकी जनता को केवल जागरित ही नहीं किया, अपितु व्यक्तिगत एवं समष्टिगत रूप में जन-जीवन की प्रत्येक दशा में योग्य वेदोक्त उत्कर्षपूर्ण भारतीय सभ्यता व संस्कृति का मूल मन्त्र पढ़ाकर आर्यसमाज के संगठन के रूप में दीक्षित कर संगठित कर दिया ।

भद्र विचार तेल भर उसमें, दिल दीपक वर प्यारा।
बाती वैदिक ज्ञान युक्त सज, तब हो अमिट उजारा ।
जला गये ऋषि, दीप मालिका, दीपक वही संजोले ।
अनायास तम मिटे तुम्हारा, क्यों भव दुख में डोले।
ऐसी साधन नेक सजाले ।
दिल का ऐसे दीप जलाले ।

महर्षि दयानन्द की वैदिक विचारधारा

पं० विरजानन्द उमा, एम.ए.

महर्षि दयानन्द एक युगपुरुष थे। सत्य, विद्या, योग, तप, ईश्वरभक्ति, देशभक्ति, प्रेम, सेवा धर्म और दर्शन की दृष्टि से वे किसी से कम न थे। व्यक्तिगत, सामाजिक एवं सार्वभौम उन्नति के लिए जिस व्यक्ति ने अपना जीवन बलि देवी पर चढ़ा दिया, वह है, 'ऋषि दयानन्द' । स्वामी दयानन्द कहने से वेद याद आती है और वेद का नाम लेने से 'आर्यसमाज' मन में तुरन्त आता है ।

अतः कहा जा सकता है कि दयानन्द का विचार वेद विचार है। दयानन्द की शैली प्रगति की शैली है और दयानन्द की विचारधारा मनुष्य के सर्वांगिक विकास की धारा है । स्वामी जी केवल शैक्षणिक अर्थ में दार्शनिक नहीं थे । अपितु उन्होंने दर्शन को अपने व्यवहारों में जिया। युग-पुरुष कहें – मानव-उद्धारक कहें या समाज-सुधारक कहें, चारों ओर आपकी छवि बराबर है। आप की शिक्षा, आपका दर्शन वास्तविक जीवन की मूल, गंभीर समस्याओं पर आधारित था। आप के जीवन के सत्य, निष्पक्ष एवं यथार्थ सिद्धान्त को दर्शाने वाले थे। सत्य की खोज और उसकी अभिव्यक्ति करना आप जीवन का लक्ष्य था – सत्यार्थप्रकाश की भूमिका में आपने अनेक बार 'सत्य' लिखा (लगभग ३२ बार) सत्य शब्द पर बल दिया है। आपका मुख्य उद्देश्य था – सत्य और असत्य पर प्रकाश डालना -- वेद शब्द की व्युत्पत्ति भी ज्ञान, लाभ और प्रकाश से होती है । अतः अगर स्वामी जी की वैदिक विचारधारा पर ज़्यादा खोज करना है, तो आपके प्रत्येक ग्रन्थ में स्थूल और सूक्ष्म रूप में वह विचारधारा पायी जाती है । स्वामी जी के अनुसार जीवन की कर्मचेष्टाओं को सत्य से ओत-प्रोत करना चाहिए । आज मानव धन की खोज में इधर-उधर भटक रहा है। ऋषि याज्ञवल्क्य से उनकी पत्नी मैत्रेयी पूछती हैं – 'हे ऋषिवर ! यदि सम्पूर्ण पृथ्वी की सम्पत्ति इसी समय मेरी हो जाए तो क्या मैं उससे अमर हो जाऊँगी ? यदि नहीं तो उसे लेकर मैं क्या करूँगी ! इसी ओज से युक्त नचिकेता मृत्यु के आचार्य यम से कहता है –

न वित्तेन तर्पणीयों मनुष्यो लप्स्यामेह वित्तमद्राक्ष्म चेत्वा ।
जीविष्यामो यावदीशिष्यसि त्वं वरस्तु मे वरणीयः स स्व ।। *कठोपनिषद् १-२७*

अर्थात् मनुष्य धन से तृप्त नहीं हो सकता, यदि हमने तेरे रहस्य को समझ लिया तो धन-धान्य सब प्राप्त हो जाएगा, जितना तू चाहेगा उतना ही तो जी सकूँगा । अतः मैं तो यहीं वर माँगता हूँ कि ब्रह्म मुझे मिल जाए ।

स्वामी जी का यही दर्शन है, यही जीवन-दर्शन है । वैदिक विचारधारा के अनुसार – सर्वाजीवे सर्वसंस्थे बृहत्ते तस्मिन् हंसो भ्राम्यते ब्रह्मचक्रे । अर्थात् सब जीव उसी महान् चक्र में जीते हैं, स्थित हैं, उसी में इस हंस (जीवात्मा) को कोई घुमा रहा है, अपने को इस चक्र में प्यार, प्रीति, सत्य, अहिंसा द्वारा अमृतत्व की प्राप्ति का प्रयास करना है। स्वामी जी की विचारधारा यौगिक भी है । आपके अनुसार आचार-संहिता व्यक्ति के लिए है, वही समाज के लिए है और सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए भी है। समाज के प्रत्येक नेता, राष्ट्र के अध्यक्ष प्रत्येक परिवार के मुखिया, संस्था के प्रधान को ईश्वर के गुण, सम्भवी मात्रा में अपने आचरण में ढालने का प्रयत्न करना चाहिए ।

सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तथा श्रह्म यज्ञः पृथिवी धारयन्ति – अर्थात् पृथ्वी एवं हमारी मातृ भूमि को धारण करने वाले छः गुण हैं :–

१. बृहद् सत्य अर्थात् पूर्ण सत्य - मन, वचन और कर्म से ।
२. उग्र ऋत् अर्थात् मानव के अधिकार एवं कर्त्तव्य सम्बन्धी दृढ़ एवं शाश्वत नियम, घर, समाज एवं देश में।
३. दीक्षा अर्थात् जीवन दान, अन्न देकर, धन देकर, मन देकर या जीवन देकर ।
४. तप, अर्थात् सत्यार्थ कष्ट-सहन – सत्य के लिए परिवार, सम्बन्धी एवं राष्ट्र में जागृति लाना है। आज लड़ाई, झगड़ा, फ़साद, चोरी आदि सत्य की कमी के कारण है। तप ही जीवन को स्वर्ण एवं स्वर्ग बनाता है। तप की रीति-नीति न्यारी है, करो तो स्वर्ग सुख नहीं तो नरक-दुख ।
५. ब्रह्म अर्थात् ज्ञानानुराग – जो ज्ञान की प्राप्ति में आलस्य नहीं करता और सत्य ज्ञान के द्वारा परमात्मा को मानता है, पहचानता है और उसके अनुसार चलता है ।

६. यज्ञ अर्थात् सार्वजनिक हिताय, निःस्वार्थ कर्म करना । यज्ञ जो पञ्चमहायज्ञ से जाना जाता है – पंचमहायज्ञ सन्ध्या, हवन, पितृयज्ञ, अतिथि और बलिवैश्वदेव यज्ञ । अर्थात् सन्ध्या द्वारा अपने को जानना, अपने अन्दर की वृत्तियों को शुद्ध एवं पवित्र करना । अग्निहोत्र या हवन द्वारा वातावरण की शुद्धि करना। पितृ यज्ञ द्वारा जीवित माता-पिता, आचार्य गुरुजनों की यथायोग्य सेवा करना । अतिथि यज्ञ द्वारा स्वामी, साधु, मुनि और अतिथियों को सम्मान देना, व्याख्यान सुनना और उसको अपने जीवन में धारण करना। अंत में जानवरों की भी सेवा करना । स्वामी जी की विचारधाराओं में मुख्यतः यज्ञ का प्रचार-प्रसार एवं प्रवर्द्धन करना है ।

स्वामी जी की वैदिक विचारधारा उनके प्रत्येक पुस्तकों की भूमिका को पढ़ते हुए परिज्ञान होता है। उदाहरण के लिए गोकरूणानिधि में स्वामी जी लिखते हैं – *"वे धर्मात्मा विद्वान् लोग धन्य हैं, जो ईश्वर के गुण, कर्म, स्वभाव, अभिप्राय, सृष्टि क्रम, प्रत्यक्षादि प्रमाण और आप्तों के आचार से अविरुद्ध चल के सब संसार को सुख पहुँचाते हैं; और शोक है उन पर जो कि इनसे विरुद्ध स्वार्थी, दयाहीन होकर जगत् में हानि करने के लिए वर्तमान हैं। पूजनीय जन वे हैं, जो अपनी हानि होनी हो तो भी सबके हित के करने में अपना तन, मन, धन लगाते हैं, और तिरस्कार करने योग्य वे हैं, जो अपने ही लाभ में सन्तुष्ट रहकर सबके सुखों का नाश करते हैं।"*

स्वामी जी ने वैदिक सिद्धान्तों को आर्ष-ग्रन्थों से प्रमाणित मानते हुए किसी भी वेद-विरुद्ध मान्यता को स्वीकार नहीं किया – यहाँ तक कि पशु-रक्षा पर बहुत ध्यान दिया और उन्हें बचाने का प्रयत्न करते रहे। यह अभियान आज भी चलाना है। पशु की रक्षा करना भी मनुष्यों का कर्त्तव्य है और वातावरण की शुद्धि इस से सम्भव है। वैदिक संस्कृति को उभारना ही स्वामी जी का लक्ष्य था और उनके विचारों के आधार पर वैदिक संस्कृति की उदात्त भावनाओं को उजागर किया गया। हमारी संस्कृति विश्व के मानव-मात्र ही नहीं अपितु जीव मात्र की भलाई की प्रेरणा देती है-

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया ।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दुखभाग् भवेत् ।।

यही हमारी आस्तिकता की भावना है । अतः स्वामी जी ने वेद की व्याख्या द्वारा अपने विचारों को प्रकट किया – जैसे ईशोपनिषद् में कहा गया है – **ईशावास्यमिदँ सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्। तेन त्यक्तेन भुञ्जीथा मा गृधः कस्य स्विद्धनम् ।**

जब हम यह जान लेते हैं कि सृष्टि के कण-कण में परमपिता का वास है, कोई वस्तु उससे रिक्त नहीं है, तथा वही समस्त पदार्थों का स्वामी है, तब हम जगत् में अलग-अलग रहते हुए लालच का परित्याग कर उसका त्यागपूर्वक उपभोग करना सीख जाते हैं और यही भावना एक स्वस्थ समाज की आधारशिला है । इसी विचारधारा को पुरुषोत्तम राम ने अपनाया था, कृष्ण जी महाराज ने अपनाया था, आचार्य चाणक्य ने भारत निर्माण की प्रतिज्ञा की।

स्वाहा और इदं न मम का पाठ सिखाने आये थे । स्वामी जी ने अपनी विचारधारा द्वारा वैदिक विचारधारा को आर्यसमाज के दस नियमों में परीलक्षित किया ।

पहला नियम – सब सत्य विद्या और जो पदार्थ विद्या से जाने जाते हैं, उन सबका आदि मूल परमेश्वर है। अर्थात् आध्यात्मिक और भौतिक विद्या का मूल परमेश्वर है ।

द्वितीय नियम में परमेश्वर के गुणकर्म और स्वभाव के आधार पर विशेषण या लक्षण बताए गये हैं, जिससे ईश्वर के स्वरूप के विषय में मतभेद न हो और उस परमात्मा के यथार्थ स्वरूप को जानकर हम उसकी उपासना करें।

स्वामी जी वेद को सर्वोत्तम ईश्वर-प्रदत्त ज्ञान-सागर मानते हैं और उन्होंने तृतीय नियम में कह रखा – *"वेद सब सत्यविद्याओं का पुस्तक है, वेद का पढ़ना-पढ़ाना और सुनना-सुनाना सब आर्यों का परमधर्म है।"*

चौथा - सत्य के ग्रहण और असत्य के छोड़ने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिए ।

पाँचवाँ - सब काम धर्मानुसार अर्थात् सत्य और असत्य को विचार करके करने चाहिए ।

छठा - संसार का उपकार करना आर्यसमाज का मुख्य उद्देश्य है अर्थात् शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना ।

सातवाँ - सबसे प्रीतिपूर्वक धर्मानुसार यथोयोग्य वर्त्तना चाहिए ।

आठवाँ - अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिए ।

नौवाँ - प्रत्येक को अपनी ही उन्नति में सन्तुष्ट न रहना चाहिए, किन्तु सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिए ।

दसवाँ - सब मनुष्यों को सामाजिक सर्वहितकारी नियम पालने में परतन्त्र रहना चाहिए, और प्रत्येक हितकारी नियम में सब स्वतन्त्र रहें ।

कहा जा सकता है, वैदिक सत्य शास्त्र के आधार पर ब्रह्मा से लेकर जैमिनी ऋषि पर्यन्त वर्णित सत्य सनातन धर्म का जो स्वरूप महर्षि दयानन्द ने प्रतिपादित किया है, उनके मूल में आर्यसमाज के १० नियम हैं, जिन्हें हम स्वामी जी की वैदिक विचारधारा कह सकते हैं।

चलें हम दुरित से भद्रता की ओर

पंडिता सत्यम चमन, एम.एस.के, सिद्धान्त वाचस्पति

ओ३म् विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परा सुव यद्भद्रं तन्न आसुव।। *यजु ३०/३*

अर्थ **– देव सवितः** - हे प्रेरक देव, **विश्वानि** - सब, **दुरितानि** - बुराइयों को, **परासुव** - दूर कीजिए, **यत्** - जो, **भद्रम्** - कल्याणकारक वस्तु, **तत्** - वह, **नः** - हमारे लिए, **आसुव** - दिलाइये ।

ऋषि दयानन्द ने अपने वेद भाष्य के प्रत्येक अध्याय के आरम्भ में इसी मंत्र के द्वारा ईश्वर से सहायता के लिए प्रार्थना की है ।

इस मंत्र के द्वारा वेद माता ने बताया कि यदि हम सुख चाहते हैं तो हमें अपने जीवन से दुरित को हटाना होगा । हम सभी दुरित से बचना चाहते हैं और भद्रता पाना चाहते हैं। यह कैसे सम्भव होगा ? इस मंत्र के माध्यम् से महर्षि ने समझाया कि हमें परमात्मा से प्रार्थना करनी चाहिए कि वे हमें ऐसी शक्ति दें, जिससे हम अपने अंदर का अहंकार, अविद्या, लोभ आदि दुरितों को दूर करने में समर्थ हों।

अविद्या के कारण मनुष्य वह कीड़ा बन जाता है, जिसे केवल छिद्र नज़र आता है, अच्छाई कहीं दिखाई नहीं देती, इसीलिए महर्षि ने बताया कि जब तक हमें सत्यविद्या प्राप्त नहीं होगी तब तक हमारा कल्याण नहीं होगा । दुरितों को दूर करने से ही हमें भद्रता प्राप्त होती है। पाप की भावना समाप्त होने से कल्याण की भावना उत्पन्न हो जाती है। दुरित अंधकार है। इसी के कारण मनुष्य दुख से घिरा रहता है। इससे बचने का उपाय महर्षि दयानन्द ने सत्यार्थप्रकाश के दूसरे और तीसरे समुल्लास में बता दिया है। स्वामी जी ने बताया है कि यदि माता-पिता अपनी संतान को जीवन में आगे बढ़ाना चाहते हों तो सबसे पहले उसे अंधविश्वास जैसे घोर अन्धकार से दूर करना होगा। यह अन्धकार विद्या के प्रकाश आने पर ही दूर होगा। इसीलिए ऋषि दयानन्द ने आर्यसमाज के आठवें नियम में लिखा– *'अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिए।'* अज्ञानता के कारण जो अपने धर्म को त्यागकर विधर्मी बन रहा है, उसे इन समुल्लासों से ज्ञान का प्रकाश प्राप्त होगा। मनुष्य मात्र को अंधविश्वास से निकालने के लिए महर्षि दयानन्द ने इस समुल्लास में तीन गुरुओं की चर्चा की है, माता-पिता और आचार्य। माता का परम कर्तव्य है कि वह अपनी संतान को उत्तम शिक्षा दे, जिससे संतान सभ्य बने, अच्छे बुरे की पहचान कर सके ।

आज इस नवीन युग में जो माताएँ शिक्षित हैं, घर से बाहर नौकरी करने जाती हैं। परन्तु एक तरफ़ लाभ हो रहा है, तो दूसरी तरफ़ हानि । जिस संतान के सुख के कारण माताएँ घर से बाहर नौकरी करने जा रही हैं, उन बच्चों को समय नहीं दे पा रही हैं। खाली समय में अपने आपको अकेला पाकर बच्चे मनमानी करते हुए बुराइयों में पड़ जाते हैं। इन बुराइयों को दूर करने का एकमात्र उपाय है – शिक्षा । यदि सुबह, समय नहीं मिलता तो शाम में परिवार एक साथ संध्या करने बैठे। रात्रि का भोजन साथ करे। माता-पिता को प्रतिदिन अपने बच्चों के साथ कम-से-कम एक घण्टा बिताना चाहिए। उन्हें सत्यज्ञान की पहचान करायें, भूत-प्रेत अज्ञानता से दूर रखें। ईश्वर-भक्ति का महत्व बतायें । यह सिखायें कि जहाँ सत्य ज्ञान है, वहीं प्रकाश है। हरेक माता-पिता का परम कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों को ऐसी शिक्षा दें, जिससे बालक आलस्य, प्रमाद, मादक-द्रव्य-सेवन, हिंसा क्रूरता आदि दोषों से बचें। सत्यभाषण, सत्याचरण, प्रतिज्ञा पालन और समय पालन के महत्व को जानें । अपने से छोटे बराबर वाले तथा बड़ों के प्रति मान-सम्मान रखे।

यदि हम सभी ऋषि दयानन्द के बतायी गयी मानव-निर्माण की शिक्षाओं को अपनायेंगे तो निश्चित हम सभी के जीवन से अविद्या का अन्धकार दूर हो जाएगा और हमारा जीवन ज्ञान के प्रकाश में आ जाएगा।

निर्वाण-दिवस के अवसर पर हम सभी प्रण लें कि विधर्मी बनने वाले हमारी जाति के भाई-बहनों को बचायेंगे। अज्ञानता को दूर करके सबको प्रकाश की ओर लायेंगे, महर्षि की बताई गयी सत्य विद्या को अपनायेंगे । यही दीपावली और निर्वाण-दिवस के अवसर पर ऋषि दयानन्द के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

ओ३म् स्योना पृथिवी नो भवानृक्षश निवेशनी ।
यच्छानः शर्म सप्रथाः । अप नः शोशुचदघम् ।। यजु० ३५/२१

पंडिता प्रेमदा लीलकन्त, वाचस्पति

शब्दार्थ :- **पृथिवी** - पृथ्वी, **नः** - हमारे लिए, **स्योना** - सुन्दर, सुखकारिणी, **अनृक्षरा** - काँटों और शत्रुओं तथा दुष्ट पुरुषों से रहित, **निवेशनी** - बसने योग्य, **भव** - हो, **स प्रथा** - सब प्रकार से विस्तृत होकर, प्रत्येक रीति से, **नः** - हमें, **शर्म यच्छ** - सम्पूर्णता देने वाली, शरण और सुख प्रदान करने वाली, **नः** - हमारे - **अघम्** - पाप को, कुकर्मों को, **अप-शोशुचत** - दग्ध करके दूर कर ।

प्रस्तुत मन्त्र यजुर्वेद के पैंतीसवें अध्याय का इक्कीसवाँ मन्त्र है। इस मन्त्र का ऋषि मेधातिथि है, देवता पृथिवी, छन्द, गायत्री और निचृदनुष्टुप है, तथा स्वर षड्ज है ।

इस मन्त्र का भाव यह है कि यह पृथ्वी सभीप्राणियों के लिए सुखकारिणी है, विघ्नरहित है, विस्तृत है और सब प्राणियों के लिए बसने योग्य है। इस पृथ्वी पर बसने वाले मानव सुकर्म करें और पाप-कर्मों से मुक्त हों।

असंख्य प्राणियों में से मानव सर्वश्रेष्ठ प्राणी माना जाता है। उत्तम चोला प्राप्त कर वह अन्य जीवों से अच्छा जीवन व्यतीत करता है। सुख की प्राप्ति के लिए वह अनेक प्रकार से कोशिश तथा परिश्रम करता है। नदी के दो किनारों की तरह कभी इस किनारे तो कभी उस किनारे से मानव टकराता रहता है, अर्थात् सुख-दुख में पड़ा रहता है। जिस प्रकार मानव को भूख और प्यास लगती है, उसी प्रकार सुख और दुख दोनों मनुष्य का साथ नहीं छोड़ते।

सब खाद्य पदार्थ पृथ्वी से ही उत्पन्न होते हैं । उत्पत्तिकर्ता परमपिता परमेश्वर ही है, सविता माता है । मन्त्र में पृथ्वी की महानता का वर्णन किया गया है । सुख की प्राप्ति के लिए भक्त पृथ्वी माता से प्रार्थना करता है कि हे पृथ्वी माता ! आप (नः) हमारे लिए सुखकारिणी होवें। सब कुछ आप ही प्रदान करती हैं। आप के दिये खाद्य-पदार्थ से ही हमें बल तथा शक्ति मिलती है। पृथ्वी पर अनेक प्रकार की औषधियों की उत्पत्ति कर आपने असंख्य प्राणियों पर उपकार किये हैं, तथा उनकी ज़रूरतों को पूर्ण किया है। किस प्राणी को क्या चाहिए, यह केवल आप ही को पता है, किसी पदार्थ की कमी नहीं है।

यदि पृथ्वी पर खतरनाक प्राणी भी है, तो वह किसी न किसी प्रकार से लाभ ही पहुँचाने वाला होता है। भय और घृणा से इनसान द्वेष कर बैठता है और उसकी हत्या भी कर देता है। उदाहरण स्वरूप सर्प को ही ले लिया जाय । सर्प एक हिंसक प्राणी है। उसके डसने से मनुष्य परलोक सिधार जाता है, लेकिन सर्प का विष खतरनाक कैंसर (cancer) जैसे रोग को लाभ पहुँचाता है।

वेद माता कहती है कि परमात्मा दयालु है, कभी भी अपनी प्रजा को दुख नहीं देता। दुख मनुष्य के अपने ही कर्म का फल है। जिस प्रकार माँ अपनी सन्तान के लिए हित चाहती है, उसी प्रकार परमात्मा भी सब के लिए हितैषी है। इसीलिए हे पृथ्वी माता ! आप हमारे लिए (स्योना) अति सुख पहुँचाने वाले पदार्थ की उत्पत्ति करा सुखकारिणी बनें।

'प्रचते विस्तीर्णा भवति इति पृथिवी' – पृथ्वी को भूमि इसलिए कहते हैं, क्योंकि यह अत्यन्त विशाल है। इसमें मुदुता भी है और धीरता भी । प्रकृति का सौम्य उसी में भरा है। पृथ्वी को धरती माँ भी कहा गया है। नारी की तरह उसमें सहनशीलता का गुण है। जिस प्रकार माँ अपनी सन्तान की रक्षा करने हेतु, उसका ठीक से पालन-पोषण करती है, हर प्रकार की कठिनाइयों से भिन्न रखती है, उसी प्रकार पृथ्वी देवी अपनी प्रजा के हित के लिए हितैषी बन सबके हित के लिए सुख प्रदान करती है।

मन्त्र में पृथिवी को 'स्योना' कहा गया है। 'स्योना' का अर्थ ही है सुन्दरता और सुख पहुँचाने वाली । पृथ्वी उपजाऊ है, अपने ऊपर प्रकृति रूपी सौन्दर्य को लिए दिन-रात घूमती रहती है। इतने सारे बोझ लिए अपनी प्रजाओं के लिए सूर्य का चक्कर लगाती रहती है। इसलिए पृथ्वी सहनशीलता का प्रतीक है। चाहे कितनी भी कठिनाई आ जाय, धैर्य धारण कर सब कुछ सह लेती है। माँ भी अपनी सन्तान के लिए दुख को सहन कर लेती है और उसकी खुशी में ही सन्तुष्ट रहती है ।

यहाँ भक्त प्रार्थना करता है कि हे पृथ्वी देवी ! आप (**अनृक्षरा**) काँटों और बाधक शत्रुओं, दुष्ट पुरुषों से रहित होवें और 'निवेशनी' – अर्थात् बसने योग्य (**भव**) होवें। मानव सुख और दुख का भोग करके ही सागर जैसे जीवन को पार करता है। दुख का कारण भी पृथ्वी पर निवास करने वाले से ही प्राप्त होता है। दुष्ट व्यवहारों वाले पुरुष गलत भाव से दुख ही पहुँचाता है, किसी का भला नहीं चाहता । इसलिए हे प्रभु ! आप सब दुर्व्यसनों को मिटा दें, हर कष्ट को दूर कर दें । हे देवी ! आप इस धरती को स्वर्ग के समान बना दें। आप के आश्रय में सब प्राणी

रहते हैं और आप (**सप्रथा**) सब प्रकार से विस्तृत होकर (**नः**) हमें (**शर्मयच्छ**) सुख प्रदान करें। माँ के आश्रय में सन्तान अपने आप को सुरक्षित पाती है और निर्भय हो, दृढ़-विश्वास तथा नयी उमंग के साथ आगे की ओर बढ़ती है। प्राणी भी पृथ्वी माता की गोद में सुरक्षित रहना चाहता है ।

पृथ्वी ऐश्वर्य का भण्डार है। पृथ्वी के पदार्थों से ही मानव धन-दौलत का स्वामी बनता है। कृषक बन्धु धरती में अन्नों के बीज बोकर अनगिनत मन अनाज पाते हैं और धन कमाते हैं।

व्यापारी भी पृथ्वी की उपज से ही अपने व्यापार को आगे बढ़ाते हैं। सोना-चाँदी, हीरे-मोती, तेल आदि सब पृथ्वी माता के गर्भ से ही निकलते हैं। पृथ्वी के भीतर बहुत कुछ समाया हुआ है। धरती की विशालता को नापा नहीं जा सकता। पृथ्वी माता अत्यन्त विशाल हृदय वाली है, अमुक्त हस्ता है, शान्ता है, सौम्य है। अतः पृथ्वी माता किसी को गिराती नहीं, बल्कि गिरते हुओं को बचाती है। पृथ्वी लोक दोष रहित है, उसमें किसी प्रकार का छेद नहीं। अग्नि, वायु, जल, सूर्य का ताप, चन्द्रमा की शीतलता सब पृथ्वी हर प्राणी के लिए प्रदान करती हैं।

पृथ्वी जैसी अद्भुत रचना को देखकर उस महान् रचयिता की प्रतीत होती है। भक्त प्रार्थना करता है – हे प्रभु ! आप असंख्य मानवों के लिए असंख्य स्वर्ण पदार्थ प्रदान करते रहना। सम्पूर्णता से सब का हित करते रहना और आप (**नः**) हमारे (**अघम**) पाप को अर्थात् दुष्ट विचारों तथा स्वभावों को (**अप-शोशु चत**) दग्ध करके दूर कर दें। आप प्रत्येक रीति से हमें सुख प्रदान करें।

युग पुरुष महर्षि दयानन्द सरस्वती जी महाराज और दीपावली

श्रीमती प्रियम्वदा जीवन, आर्य भूषण

सृष्टि के आदिकाल से ही जब-जब काल का बादल मंडराता था, मिथ्या ज्ञान तथा कल्पनाओं के गाढ़ अन्धकार से आच्छादित होता था तब-तब हमारे ऋषि-ऋषिकाओं एवं मुनियों ने इस धरती का उद्धार किया है । तथा समाज को अमूल्य ज्ञान द्वारा प्रकाशमय किया विश्व भर में भारत भूमि को ही पूण्य भूमि तथा ऋषियों का देश माना जाता है, क्योंकि इसी पुण्य भूमि पर अनगिनत महान् आत्माएँ पैदा हुई हैं, जिन्होंने विश्व में अपने अमूल्य ज्ञान का प्रकाश फैलाया है। हज़ारों-करोड़ों वर्ष बाद भी हम उनके ज्ञान की सत्यता पर पूरा विश्वास के साथ अपने जीवन को तथा समाज और राष्ट्र को सजाने का पूरा प्रयत्न करते हैं ।

अब त्रेता युग का एक उदाहरण प्रस्तुत है । जब राक्षसों ने उपद्रव मचाया, यज्ञ में विघ्न डालने की कोशिश की थी तब ऋषि विश्वमित्र ने यज्ञ की रक्षा की थी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी ने रावण जैसे राक्षस का बध किया था। द्वापर युग में योगीराज कृष्ण ने कंस की बंसी बजा डाली।

भारतीय इतिहास से पता चलता है कि जब-जब संसार में आत्मविमुखता, असंवेदनशीलता, उदासीनता, अकर्मण्यता, पाप-हिंसा, अपराध, दुराचार, व्यभिचार, निराशा, अविश्वास तथा आत्मग्लानि का भाव बढ़ जाता है तब इनका सुधार हेतु भगवान् अपने सच्चे प्रतिनिधियों को धरती पर जन्म देता है ।

इसी महान् तथ्य के अनुसार आधुनिक युग में जब भारत माता पर अविद्यारूपी अन्धकार चहुँ ओर फैला हुआ था, तब उसकी गोद में एक सुपुत्र पैदा हुए, जिनके बचपन का नाम मूलशंकर था और दूसरा नाम दयाल था। यही बालक आगे चलकर महर्षि दयानन्द जी हुए, जो मानव समाज के 'महान् समाज सुधारक एवं योगी बने।'

उन्होंने पूरे विश्व के मानवों को वेद का सन्देश दिया – **'मनुर्भवः'** - हे मनुष्य ! तू अपने उत्तम कर्म के द्वारा सच्चा मानव बन, तन से नहीं कर्म के द्वारा । इसी मुख्य उद्देश्य से उन्होंने १८७५ में मुम्बई शहर में तथा आर्यसमाज की स्थापना की। उन्होंने 'आर्य' शब्द का अर्थ 'श्रेष्ठ पुरुष' बताया।

इस महान् योगी एवं समाज-सुधारक, वेद-प्रचारक, युग-पुरुष महर्षि दयानन्द सरस्वती जी का निर्वाण 'दीपावली' पर्व की रात को हुआ था। यही कारण है कि हम आर्यसमाजी भाई-बहनें दिवाली की शाम को ऋषि-निर्वाण-दिवस भी मनाते हैं। उनके प्रति श्रद्धांजलि समर्पित करते हैं। उनके द्वारा किये कार्यों को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रयत्न करते हैं।

अब हम 'दीपावली' पर्व क्यों मनाते हैं? इसपर एक प्रश्नावली प्रस्तुत हैं।

प्रश्न

१. क्या मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र जी ने अपने बचपन के दिनों में दीपावली नहीं मनाई थी ?
२. क्या जैन मत के तीर्थंकर महावीर जी ने बचपन में दीपावली नहीं मनाई थी ?
३. क्या हमारे गुरुओं ने या उनके पूर्वजों ने दीपावली नहीं मनायी थी ?

आइये इन प्रश्नों की सत्यता को जानने हेतु दीपावली कब से, क्यों और कौन मनाते हैं, इसपर थोड़ा विचार करें।

उत्तर – यह सनातन आर्यों का पर्व है । इसके मनाने का मूल कारण है नई फसल का आगमन और उस फसल के स्वागत व खुशी व्यक्त करने के लिए कृषक (किसान), वर्ग इसका आयोजन करता है। नये अन्न की प्राप्ति उत्सव का कारण है। सब लोग साथ मिलकर ईश्वर को धन्यवाद करने के लिए विशेष यज्ञ का आयोजन करते हैं, जिसमें नई फसल से आये अन्न को यज्ञ-अग्नि में आहुति डाली जाती है और उसके बाद सभी लोग उसका अपने घर पर उपयोग करते हैं । इस यज्ञ को शारदीय नवसस्येष्टि कहते हैं। **नव** - नवीन + **सस्य** - फसल वा खेती + **इष्टि** - यज्ञ – अर्थात् नवीन फसल के अन्न का यज्ञ । **शारदीय** - का अर्थ है – शरद ऋतु में किया जाने वाला यज्ञ।

यज्ञ का अर्थ ही होता है देव पूजा – संगतिकरण - दान। दीपावली के दिन कृषक यज्ञ करता है, अर्थात् उस परमात्मा को धन्यवाद देता है। जिससे उनके परिश्रम के साथ दिया अर्थात् समय पर वर्षा की, धूप दी, जिससे अनावश्यक कीड़े मरे, दोनों का पोषण हुआ। उस परमात्मा का धन्यवाद कर देव पूजा होती है। सारे किसान परस्पर मिलकर यज्ञ करते हैं। जो संगतिकरण है और समाज के गरीब वर्ग को अन्न का दान देकर यज्ञ की परिभाषा को सार्थक किया जाता है ।

वैसे ही श्रीरामचन्द्र जी के युग में भी फ़सलें होती थीं। उत्सव मनाया जाता था। भगवान् श्री रामचन्द्र जी और उनके पिता जी महाराज दशरथ जी ने भी नवसस्येष्टि यज्ञ किया था, क्योंकि उस काल में भी अन्न उसी ऋतु में तैयार होता था। आज भी होता है और भविष्य में भी होता रहेगा । मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी को छोड़िये, रावण ने भी नवसस्सेष्टि यज्ञ किया था।

इस पर्व का सम्बन्ध किसी प्रकार से किसी व्यक्ति विशेष से या घटना विशेष से नहीं है। हाँ उनकी अमर स्मृति और उनके कृतित्व से प्रेरित होने के लिए स्मरण, सहृदय धन्यवाद आदि अवश्य करना हमारा परम कर्तव्य है।

आर्यसमाज के संस्थापक, युग-पुरुष तथा प्रवर्तक, वेदोद्धारक, राष्ट्र पितामह महर्षि दयानन्द सरस्वती जी महाराज को निर्वाण दिवस पर **'कोटिशः नमन'**।

टापू भर में सभी भाई-बहनों को 'दीपावली' अभिनन्दन तथा शुभकामनाएँ।

वैदिक-यज्ञ

डॉ० विनय सितिजोरी, चिकित्सक

